* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

28 मई, 2024
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 217










## अपराधियों का हब बनती जा रही है रांची : सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे हैं सवाल

# रांची में बार में घुसकर डीजे संचालक की गोली मार कर हत्या

- बैंक अधिकारी समेत दो आरोपी गया से गिरफ्तार, कार बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची एक बार फिर अपराधियों का हब बनती जा रही है। रविवार की रात जिस तरह से चार बेखौफ अपराधी चुटिया इलाके के एक्स्ट्रीम बार में जा धमके और टारगेट किलिंग पूरा कर लौट आते हैं, उससे राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। अपराधी हथियार लहराते हुए गये भी थे और आराम से टहलते हुए बाहर निकल आये। पुलिस की वैन भी पास से गुजर रही थी, लेकिन किसी की नजर अपराधियों पर नहीं पड़ी। अपराधियों ने बार के डीजे संदीप उर्फ सैंडी को मौत के घाट उतार दिया। वह पश्चिम बंगाल का रहने वाला था। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को दबोच लिया है। इसमें से एक आरोपी का नाम अभिषेक सिंह है, जो गया से गिरफ्तार हुआ है। दूसरा किसी बैंक का बड़ा अधिकारी है।

**मृतक संदीप पश्चिम बंगाल का निवासी :** संदीप प्रमाणिक के घर वालों से संपर्क नहीं हो पाया है। साइक्लोन की वजह से उसके परिजनों से संपर्क करने में दिक्कत आ रही है। जांच में पता चला है कि संदीप पिछले सात साल से बार में काम कर रहा था। उसने किसी को भी घर वालों का नाम और नंबर नहीं दिया था।

**एसएसपी ने लिया जायजा :** रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने हत्या में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसआइटी का गठन किया है।

**घटना सीसीटीवी में कैद :** यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि हाफ पैंट पहना एक शख्स अपना चेहरा ढंक कर बार की सीढ़ियों के पास पहुंचता है, जहां डीजे संदीप पहले से ही घर जाने के लिए खड़ा है। हाथ में राइफल और मुंह पर कपड़ा बांधकर युवक वहां पहुंचता है और संदीप के सीने में गोली मार देता है। गोली लगने के बाद संदीप लिफ्ट के पास गिर जाता है। गोली मारने वाला शख्स बाहर आता है और बाहर से बार पर कई राउंड फायरिंग करता है। इसके बाद अपनी सफेद रंग की कार में बैठ कर वहां से भाग जाता है।

**क्या-क्या हुआ बरामद :** चुटिया की घटना में अपराधियों द्वारा इस्तेमाल में लायी गयी ब्रेजा कार को कचहरी चौक स्थित एक गैरेज से बरामद किया गया है। इसमें चार कारतूस मिले हैं। भागने के क्रम में कार का एक्सीडेंट हो गया था। कार का नंबर जेएच 01 डीएल-2400 है, जो फर्जी है।

**पास से गुजर रही थी पुलिस की गाड़ी :** चौंकानेवाली बात यह है कि हत्या के समय पुलिस की गाड़ी पास से ही गुजर रही थी। पांच से सात मिनट तक अपराधी फायरिंग करते रहे। बाहर निकल कर अपराधियों ने वहां खड़ी बाइक को लात से मार कर गिराया और इसे भी पुलिसवालों ने देखा भी, लेकिन उसने इसका कारण जानने की जरूरत नहीं समझी। गोली चलने की आवाज होने पर पुलिस को ऐसे भी जानकारी हासिल करनी चाहिए थी, लेकिन उसने इसकी जरूरत नहीं समझी।

**सवालों के घेरे में रांची पुलिस :** सवाल इसका नहीं है कि घटना को अंजाम देने वाले अपराधी पकड़े गये, बल्कि सवाल इस बात का है कि अगर पुलिस मुस्तैद रहती, तो संदीप की जान बच सकती थी। आखिर रांची पुलिस के सूचना तंत्र को क्या हो गया है। बाहर से आये अपराधी शहर के छोटे होटलों में रुकते हैं और टारगेट किलिंग को अंजाम देकर आराम से निकल जाते हैं। पुलिस की फजीहत तो तब होती है, जब घटना के बाद जिन लोगों को पकड़कर जेल भेजती है, उसमें से कई निर्दोष निकल जाते हैं।

**कहां से आ रही अफीम, चरस और डोडा :** चुनाव की घोषणा के बाद झारखंड की पुलिस ने अरबों रुपये की अफीम, चरस और डोडा की मात्रा पकड़ने का दावा किया है। आखिर इतनी मात्रा में यह खेप आ कहां से रही है। क्या इस तस्करी में पुलिस का हाथ नहीं है। अगर पुलिस चाह ले, तो किसी भी तरह का अवैध कारोबार कहीं नहीं हो सकता है, बशर्ते पहल इमानदारी से होनी चाहिए। अगर सही में अफीम और चरस की खपत झारखंड में है, तो इससे युवा पीढ़ी बर्बाद हो जायेगी। इस पर फुलस्टॉप लगाने के लिए पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।



### मामूली विवाद में हुई घटना

चुटिया थाना क्षेत्र के रेडिसन ब्लू होटल के सामने स्थित एक्स्ट्रीम बार के डीजे ब्वॉय संदीप प्रमाणिक की हत्या रविवार की देर रात हुई। रात करीब एक बजे चार अपराधी बार में घुसे और संदीप उर्फ सैंडी को गोली मार दी। घायल संदीप को रिम्स भेजा गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रविवार रात चार-पांच युवक शराब पी रहे थे। इसी दौरान उनका डीजे संदीप और बार के कुछ अन्य कर्मचारियों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि उनकी झड़प भी हो गयी। किसी तरह मामला शांत हो गया, लेकिन कुछ देर बाद पांचों युवक फिर से बार में आये। उस समय बार बंद हो चुका था। डीजे संदीप और बार के अन्य कर्मचारी घर जा रहे थे, तभी एक युवक ने अपनी राइफल निकाली और संदीप की छाती में सटाकर गोली मार दी। इसके बाद युवकों ने बार के अंदर भी घुस कर कई राउंड फायरिंग की। घटना को अंजाम देने के बाद सभी मौके से फरार हो गये।

### कहीं रांची सुरेंद्र बंगाली और अनिल शर्मा के दौर में तो नहीं लौट रही

जिस तरह से रांची में अपराध की घटनाएं हो रही हैं, उससे अब शहरवासियों को भय सता रहा है। डर इस बात का कि कहीं रांची एक बार फिर अपराधी सुरेंद्र बंगाली और अनिल शर्मा के दौर में तो नहीं लौट रही है। उस दौर में सूर्यास्त के बाद लोग घर लौट आते थे। अब जिस तरह से अपराध की घटना बढ़ रही है, उससे कहीं रांची डिस्टर्ब न हो जाये। अभी आप दिन हो या रात, शहर में कहीं भी आ-जा सकते हैं। उस दौर में सूर्यास्त के बाद सब ठप हो जाता था।

### इसी पुलिस ने अपराधियों से मुक्त कराया था राजधानी रांची को

खास बात यह है कि इसी पुलिस ने उस दौर के अपराधियों से निपटा था। उन्होंने शहर में अमन-चैन कायम किया था। कई शूटर मारे गये। बड़े अपराधी जेल में बंद कर दिये गये। पुलिस उस समय भी थी और पुलिस आज भी है, लेकिन आज की पुलिस के पास वह जज्बा नहीं है। उस दौर में जूनियर पुलिस अधिकारियों की पीठ पर सीनियर अधिकारियों का हाथ होता था, तो नतीजे भी बेहतर आते थे। अब स्थिति पलट गयी है। अब वर्दी वाले अपने मूल काम से हटकर दूसरे काम में लग गये, इसलिए इनका सूचना तंत्र भी कमजोर हो गया। शहर में वैसे थानेदारों को पदस्थापित किया गया, जो कभी शहरी इलाकों में रहे ही नहीं। वे मास्टर की तरह काम करना चाहते हैं। इन सब की समीक्षा की जरूरत है और सीनियर अधिकारियों को इसे देखने की जरूरत है। समय रहते कदम नहीं उठाया गया, तो रांची की विधि व्यवस्था बिगड़ सकती है।

## अंतिम चरण में संताल परगना का सियासी पारा चढ़ा

# पीएम मोदी आज दुमका की जनसभा में गरजेंगे

- जेपी नड्डा कल देवघर में, 30 को आयेंगे राहुल गांधी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में संताल परगना की तीन सीटों पर चुनाव होना है। गोड्डा, दुमका और राजमहल में एक जून को मतदान है। पार्टियों ने अब संताल परगना में जोर लगाया है। एनडीए और इंडी गठबंधन के बड़े नेता और स्टार प्रचारक संताल परगना आयेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को दुमका पहुंचेंगे और भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन, निशिकांत दुबे और ताला मरांडी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। एयरपोर्ट मैदान में विजय संकल्प रैली होगी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी झारखंड में छह चुनावी सभा कर चुके हैं। गोड्डा से तीन चुनावों से लगातार भाजपा के डॉ निशिकांत दुबे जीत रहे हैं। इस बार भी निशिकांत दुबे मैदान में हैं। राजमहल सीट पर इस बार भाजपा ने ताला मरांडी उम्मीदवार को बनाया है। कांग्रेस नेता और स्टार प्रचारक राहुल गांधी 30 मई को दुमका पहुंचेंगे। इससे पहले राहुल गांधी झारखंड के चाइबासा और गुमला के बसिया में जनसभा कर चुके हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 29 मई को देवघर में तीन चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

# साहिबगंज में खराब मौसम के कारण लैंड नहीं कर सका राजनाथ सिंह का हेलीकॉप्टर, फोन से ही दिया भाषण

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राजमहल लोकसभा सीट के साहिबगंज में सोमवार को चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए आने वाले थे, लेकिन खराब मौसम की वजह से उनका हेलीकॉप्टर लैंड नहीं हो सका। पायलट ने बहुत कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सका। इसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभा को संबोधित करने का अनोखा उपाय निकाला। उन्होंने तकनीक का इस्तेमाल कर अपने फोन से ही लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर निशान साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म और जाति के आधार पर राजनीति नहीं करती है। कुछ लोग आरक्षण के नाम पर अफवाह फैला रहे हैं। हमारी सरकार आरक्षण खत्म नहीं करने वाली है, लेकिन यदि धर्म के आधार पर आरक्षण दिया गया है, तो उसे समाप्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड भगवान बिरसा मुंडा की धरती है। भाजपा हमेशा आदिवासियों के हितों की रक्षा करती रही है। राजनाथ सिंह ने कहा कि इस बार से 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती पर आदिवासी गौरव दिवस मनाया जा रहा है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन रहे हैं। इसलिए राजमहल से ताला मरांडी को सांसद बनाकर भेजें, ताकि सरकार में यहां से भी प्रतिनिधित्व हो।

# झारखंड में बीजेपी नहीं, आदिवासी, दलित और पिछड़ों का इंडिया गठबंधन चलेगा: कल्पना सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोड्डा।** जेएमएम नेता कल्पना सोरेन ने कहा है कि झारखंड में बीजेपी नहीं, आदिवासी, दलित और पिछड़ों का इंडिया गठबंधन चलेगा। वह सोमवार को गोड्डा के पोड़ैयाहाट में इंडी गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप यादव के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह वह क्रांतिकारी भूमि है, जहां बाबा तिलका मांझी ने तीर-धनुष से अंग्रेजों का मुकाबला तब किया था, जब किसी ने ऐसा करने का सपना भी नहीं देखा था। आज भी वही लड़ाई है शोषकों के खिलाफ। बस स्वरूप बदल गया है। दिशोम गुरुजी ने बचपन में अपने संघर्ष सेनानी पिता को खोया। इसके बाद उन्होंने महाजनों के खिलाफ आंदोलन किया। दिशोम गुरुजी और अनेकों महान क्रांतिकारियों के संघर्ष के बाद ही हमें झारखंड मिला। आज दिशोम गुरुजी के बेटे हेमंत को भी बीजेपी ने डर के मारे जेल में डाल दिया है। हेमंत राज्य के लोगों को हक-अधिकार दे रहे थे। अच्छी शिक्षा, राशन, पेंशन आदि से जोड़ रहे थे। इससे बीजेपी को तकलीफ हो गयी।

**हेमंत सोरेन को क्यों डाला जेल में :** कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत ने 1932 का खतियान, पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण, सरना आदिवासी धर्म कोड विधानसभा से पारित करवाया। मगर यह सब देख बीजेपी वाले चुप हो गये। आज महिलाएं समाज में आगे बढ़ रही हैं। यह सब बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की बदौलत हो पाया है। उन्होंने कहा, मैं भी अपने परिवार की सेवा में खुश थी, लेकिन इन बीजेपी वालों ने चुनाव से ठीक पहले आपके हेमंत को जेल में डालने का काम किया। जिस जमीन के नाम पर हेमंत को जेल में डाला गया है, उसमें उनका नाम ही नहीं है। कल्पना ने कहा कि हेमंत जी को षड्यंत्र के तहत जेल में डालने की एक ही वजह थी कि पिछले 20 साल में बीजेपी राज्य में जो काम नहीं कर पायी, उससे लंबी और गहरी लकीर हेमंत ने चार साल में खींच दी।

**प्रदीप यादव के लिए कही ये बात :** जेएमए नेता ने कहा, हेमंत की जेल की चाबी आप लोगों के पास है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देकर हेमंत को जेल से निकालने में मदद करें। यहां बड़े-बड़े पूंजीपतियों की पार्टी बीजेपी नहीं, बल्कि गरीब-गुरबा, आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक का इंडिया गठबंधन चलेगा। यहां से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव बड़ी बेबाकी से लोगों के मुद्दे उठाते हैं। उन्हें यह ताकत आप लोगों से मिलती है। उनको विजयी बनायें।

# जो चोरी करेगा और करायेगा, उसको जेल जाना पड़ेगा : बाबूलाल मरांडी

- देवघर में एम्स, एयरपोर्ट, रेलवे लाइन निशिकांत दुबे की देन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गोड्डा लोकसभा के अंतर्गत पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के धराबंध में सोमवार को निशिकांत दुबे के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों, महिलाओं, किसानों, मजदूरों, ग्रामीणों, आदिवासियों, दलितों और कमजोर वर्गों के लिए काम किया है। आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने इतना काम नहीं किया, जितना नरेंद्र मोदी ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीबों को घर देने का काम किया। पिछले 10 वर्षों में चार करोड़ से अधिक पक्के मकान बना कर दिये। गरीबों के घरों तक भी गैस का कनेक्शन और चूल्हा पहुंचा दिया।

बाबूलाल ने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और राजद ने काम करने के लिए नहीं, कमाने के लिए सरकार बनायी है। इतना कमाया कि उनके घर को तो छोड़ दीजिये, उनके नौकर के घर से भी करोड़ों रुपये मिल रहे हैं। इसी कारण आज हेमंत सोरेन और आलमगीर आलम जेल में हैं। कई और लोग जेल में जायेंगे। जो चोरी करेंगे और करायेंगे, उनको जेल जाना पड़ेगा। जनता को लूटने वालों की जगह जेल में ही है।

### पीएम के हाथों को मजबूत बनायें

बाबूलाल ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि सांसद निशिकांत दुबे ने कितना काम किया है। गोड्डा को रेल लाइन से जोड़ना कोई साधारण काम नहीं है। यहां से कई जगहों की ट्रेनें चल रही हैं। गोड्डा में फैक्ट्री लगवायी। एम्स बनकर तैयार है। एयरपोर्ट भी बन गया है। एक जून को कमल छाप पर बटन दबाकर डॉ निशिकांत दुबे को सांसद बनाना है। मौके पर निशिकांत दुबे भी थे।

# झारखंड की बची तीन लोकसभा सीटों के केंद्र में भी मोदी

- गोड्डा में बड़ी चुनौती नहीं, दुमका में भाजपा और झामुमो में झकझूमर
- लोगों ने कहा: प्रत्याशी से क्या मतलब, वोट तो ऊपर के लिए है न

प्रशांत झा



**बासुकीनाथ (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव अंतिम चरण में पहुंच गया है। झारखंड में आखिरी चरण में तीन लोकसभा सीटें दुमका, गोड्डा और राजमहल में एक जून को मतदान है। आजाद सिपाही की टीम मतदाताओं का मन टटोलने के लिए संताल परगना में निकली हुई है। हम सभी सोमवार सुबह 8.30 बजे रांची से रवाना हुए। शाम करीब 5.30 बजे बासुकीनाथ पहुंचे। रास्ते में कुछ ऐसे इलाके पड़े, जहां मतदान हो चुका है, जबकि कुछ इलाके में शनिवार को वोट डाले जायेंगे। कई जगहों पर लोगों से बातचीत हुई। इस बातचीत में एक बात साफ नजर आयी कि प्रत्याशी कौन है, कैसा है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। केंद्र में 'मोदी' हैं और सामने विकल्प नहीं है? जो स्थिति देखने को मिल रही है, उसमें राज्य में भाजपा को अधिक नुकसान होने की संभावना नहीं है।

**पहला पड़ाव जैनामोड़ में :** सुबह 10.45 बजे हम सभी जैनामोड़ पहुंचे। यह दो लोकसभा क्षेत्र गिरिडीह और धनबाद को जोड़ने वाला इलाका है। करहरिया, कटका आदि इलाके गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के थे, तो तेतरियाडीह के बाद का इलाका धनबाद लोकसभा क्षेत्र में पड़ रहा था। इस इलाके में कई लोगों से बातचीत हुई। धनबाद और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं के मन को भांपने का प्रयास किया। कहते हैं कि चावल पका या नहीं, इसके लिए हांडी के एक-एक चावल को नहीं देखा जाता है। एक-दो चावल ही पूरे चावल की स्थिति को बता देता है। उसी तरह इस छोटे से इलाके ने दोनों लोकसभा क्षेत्र के हवा के रुख को बयां कर दिया। लोगों से बातचीत करने के बाद इस बात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। धनबाद और गिरिडीह क्षेत्र में 25 जून को लोगों ने अपना नेता चुन लिया है। किसे चुना, यह तो फिलहाल इवीएम में बंद है, लेकिन लोगों की जुबान से यह साफ हो रहा था कि भाजपा को जीत में कोई परेशानी होती नहीं दिख रही।

धनबाद से भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो हैं। वहीं कांग्रेस की अनुपमा सिंह उनके सामने हैं। इस क्षेत्र के मतादाताओं से ढुल्लू की छवि को लेकर बातचीत हुई। उनका कहना था कि 'हम उनको थोड़े ही वोट दिये हैं। वोट तो ऊपर (नरेंद्र मोदी) को दिये हैं। उनको चुने हैं। यहां वाले से क्या लेना देना।' इसी तरह गिरिडीह में आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी और झामुमो के मथुरा महतो आमने-सामने हैं। यहां भी लोगों का जवाब यही था। जब उनसे पूछा गया कि यहां से तो भाजपा नहीं है, फिर कैसे बोल रहे हैं कि मोदीजी को वोट दिये। लोगों ने कहा 'केला' भी तो उन्हीं के लिए वोट मांग रहा न। गिरिडीह क्षेत्र में एक बात और सामने आयी। वह था निर्दलीय उम्मीदवार जयराम महतो का नाम। यहां ग्रामीण इलाकों में कुछ वोट जयराम को देने की भनक लगी।

(शेष पेज 03 पर)

# गोड्डा में जातीय गोलबंदी पर भारी दिख रहा है 'विकास'

## ■ निशिकांत को अपने कामों पर भरोसा, तो प्रदीप यादव जाति में उलझे

## ■ कांग्रेस के लिए परेशानी पैदा कर रहे हैं निर्दलीय अभिषेक झा

**आजाद सिपाही विशेष**

**संथाल परगना का एकमात्र अनारक्षित संसदीय क्षेत्र गोड्डा के लोगों को प्रचंड गर्मी से कुछ हद तक सोमवार को छुटकारा मिला। साइक्लोन के कारण गोड्डा का मौसम सुहाना हो गया है। फिर भी यहां चुनावी बुखार की तपिश जरूर महसूस हो रही है। झारखंड के 'मिथिलांचल' के रूप में चर्चित इस सीट पर मुकाबले की पूरी तैयारी हो चुकी है। यहां भाजपा की तरफ से डॉ निशिकांत दुबे लगातार चौथी बार लोकसभा में पहुंचने के लिए कांग्रेस के प्रदीप यादव से मुकाबला कर रहे हैं। इन दोनों के बीच यह पहला मुकाबला नहीं है। पिछली बार भी प्रदीप यादव ने झाविमो के टिकट पर डॉ दुबे को चुनौती दी थी और हार गये थे। बिहार के साथ सटा होने के कारण गोड्डा संसदीय क्षेत्र की राजनीतिक संवेदनशीलता थोड़ी अधिक है। इसलिए यहां जातीय समीकरण अक्सर हावी रहता है। इस बार भी जब कांग्रेस ने दीपिका पांडेय सिंह को उतारा था, तो गोड्डा को 'बैटल ऑफ ब्राह्मण' का गवाह बनने की भविष्यवाणी की गयी थी, लेकिन बाद में कांग्रेस ने प्रदीप यादव को उतारा, तो अब जातीय समीकरण पर ही फोकस है। इस सीधे मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में निर्दलीय अभिषेक आनंद झा जरूर जुटे हैं, लेकिन उनका बहुत असर दिखाई नहीं पड़ रहा है। मुख्य मुकाबला अब भी भाजपा और कांग्रेस के बीच ही नजर आ रहा है। डॉ दुबे को पिछले 15 वर्षों के दौरान किये गये कार्यों पर भरोसा है, तो प्रदीप यादव जातीय समीकरण के सहारे चुनावी वैतरणी पार करने की जुगत में हैं। केंद्रीय योजनाओं के कारण इस इलाके में निशिकांत दुबे के नामों की ज्यादा चर्चा हो रही है। लोगों के दिमाग में एम्स और रेलवे रच-बस गया है। निशिकांत दुबे का आक्रामक चेहरा भी लोगों को पसंद है। क्या है गोड्डा का चुनावी परिदृश्य और कैसा चल रहा है प्रचार अभियान, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

संथाल परगना की तीन संसदीय सीटों में से एकमात्र अनारक्षित सीट गोड्डा में 1 जून को मतदान होना है। इसलिए यहां चुनाव प्रचार अभियान चरम पर है। प्रचंड गर्मी में भी उम्मीदवार और कार्यकर्ता लगातार पसीना बहा रहे हैं। चौक-चौराहों पर सुबह-शाम जुटनेवाले लोगों की चर्चा का विषय भी चुनाव ही है। झारखंड की आध्यात्मिक राजधानी देवघर इसी संससीय सीट के अंतर्गत आता है। यहां के मशहूर टावर चौक पर जुटनेवाले लोग कहते हैं कि इस बार मुकाबला एकतरफा तो नहीं है। मतदाताओं को टटोलने पर पता चलता है कि यहां की राजनीति में आज भी जातीय समीकरण प्रमुख मुद्दा है, लेकिन युवाओं में विकास और महिलाओं में केंद्रीय योजनाओं से मिल रहे लाभ ही मतदान का आधार बनने की संभावना है। इन दो मुद्दों के अलावा एक और चुनावी मुद्दा तेजी से आगे आ रहा है और वह है उम्मीदवारों की इमेज। जहां तक निजी इमेज का सवाल है, तो डॉ निशिकांत दुबे अपने प्रतिद्वंद्वी प्रदीप यादव पर बहुत भारी नजर आ रहे हैं।

### क्या है दोनों प्रत्याशियों की इमेज

डॉ दुबे लगातार चौथी बार सांसद बनने के लिए मुकाबले में उतरे हैं। प्रदीप यादव एक बार यहां से सांसद रह चुके हैं और फिलहाल पोड़ैयाहाट से विधायक हैं। डॉ दुबे ने अपने तीसरे टर्म (2019-2024) में लोकसभा में अपने प्रदर्शन से भाजपा और अपने इलाके में एक सक्रिय और साहसी सांसद के रूप में खुद को स्थापित कर लिया है। पिछले पांच साल के दौरान उन्होंने लगातार झारखंड में भ्रष्टाचार से लेकर दूसरे मुद्दों पर मुखरता से आवाज उठायी और तमाम आरोप लगने के बावजूद कभी पीछे नहीं हटे। इतना ही नहीं, उन्होंने सदन में 'कैश फॉर क्वेरी' का मुद्दा उठा कर टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा की सदस्यता खत्म करने में भी अहम भूमिका निभायी। इससे डॉ दुबे की इमेज 'लड़ाकू' की बनी। दूसरी तरफ प्रदीप यादव की इमेज आज भी बहुत साफ-सुथरी नहीं है। उनके व्यवहार और आचरण पर लोग टीका-टिप्पणी भी कर रहे हैं। इसके अलावा इलाके में चल रही कई निजी प्रोजेक्ट के खिलाफ पहले आक्रामक रुख अपनाने, आंदोलन की राह पर चल निकलने और फिर उससे पैर पीछे खींच लेने के कारण भी उनकी इमेज को धक्का लगा है। लोग




उदाहरण देकर अडाणी और पैनम कोल इंडिया का उदाहरण भी दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि पहले प्रदीप यादव अडाणी पावर प्लांट के खिलाफ खूब मुखर थे। आज चुप्पी साधे हुए हैं।

### विकास को मुद्दा बनाने में जुटे डॉ निशिकांत

डॉ निशिकांत दुबे इस बार विकास को मुद्दा बनाने में जुटे हैं। पिछले 15 साल में उन्होंने गोड्डा का बहुत विकास किया है। चाहे वह देवघर एम्स हो या एयरपोर्ट, गोड्डा में रेल लाइन हो या फिर इलाके में सड़कों का जाल, अडाणी का बिजली घर हो या फिर प्लास्टिक पार्क, डॉ दुबे ने 15 सालों के दौरान गोड्डा के लिए बहुत कुछ किया है। बायो डायवर्सिटी पार्क पर्यटकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा कई योजनाएं हैं, जो धरातल पर उतर चुकी हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री तक को देवघर बुला कर अपनी राजनीतिक पहुंच का भी उदाहरण दिया है। इन तमाम विकास कार्यों के बावजूद कुछ लोग उनके बारे में नकारात्मक टिप्पणी भी करते हैं, उन्हें 'अहंकारी' करार देते हैं।

प्रदीप यादव को भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस के ही कुछ लोगों से परेशानी आनेवाली है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा के टिकट पर चुनाव जीतने के बाद पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव अपने एक अन्य विधायक साथी बंधु तिर्की के साथ कांग्रेस में शामिल हो गये। कांग्रेस ने इस बार उन्हें उतारा है, जबकि जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी के पिता और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी यहां से टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। कांग्रेस की ओर से शुरू में महगामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह को चुनाव मैदान में उतारा गया, लेकिन तीन दिन बाद ही उनकी जगह प्रदीप यादव को उतार दिया गया। ऐसे में प्रदीप यादव को कांग्रेस पार्टी के इरफान और दीपिका के समर्थकों से भी निपटना पड़ रहा है। कहने को ये लोग प्रदीप यादव के साथ होने की बात कह रहे हैं, लेकिन उनके समर्थकों को प्रदीप यादव पच नहीं रहे हैं।

### अभिषेक आनंद झा भी ठोक रहे ताल

इस बीच बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री विनोदानंद झा के पोते अभिषेक आनंद झा ने भी आखिरी दिन मंगलवार को गोड्डा लोकसभा सीट से नामांकन का पर्चा भर कर मुकाबले में उतरने का एलान कर दिया। अभिषेक झा और उनके परिवार का गोड्डा लोकसभा क्षेत्र की राजनीति में दखल रहा है। खुद निशिकांत दुबे भी यह दावा करते रहे हैं कि उन्हें विनोदानंद झा के परिवार का आशीर्वाद प्राप्त है। अभिषेक झा खुद भाजपा के नेता रह चुके हैं और 2009 में मधुपुर विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। अभिषेक झा भी निशिकांत दुबे के करीबी रहे, लेकिन अब अभिषेक झा यह बता रहे हैं कि निशिकांत दुबे से उनका राजनीतिक संबंध नहीं है। लेकिन वह यह भी कहते हैं कि भाजपा और नरेंद्र मोदी से वह नाराज नहीं है। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अभिषेक झा से आखिर किसको नुकसान होगा। वैसे आज की तारीख तक वह कोई बड़ी चुनौती पेश नहीं कर सके हैं। हां, हर दिन वह सात-आठ गाड़ियों के काफिले में जरूर घूमते नजर आ रहे हैं। लेकिन उनकी गाड़ियां भी शहरी क्षेत्र और खासकर पक्की सड़क के इर्द-गिर्द ही दिख रही है।

### गोड्डा संसदीय क्षेत्र का जातीय आंकड़ा

गोड्डा संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं के जातिगत आंकड़ों पर गौर करने से स्थिति काफी कुछ साफ होती दिखती है। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में वोटरों की कुल संख्या 19 लाख 95 हजार 192 है। यहां सर्वाधिक चार लाख की आबादी ब्राह्मणों की है, जबकि मुस्लिम साढ़े तीन लाख लाख के आसपास हैं। यादवों की आबादी ढाई लाख है। इसके अलावा वैश्य कीआबादी ढाई से तीन लाख है और आदिवासियों की आबादी डेढ़ से दो लाख और राजपूत, भूमिहार और कायस्थ की संख्या एक लाख के करीब है। शेष पंचगनिया दलित हैं। इस आंकड़े से यह साफ हो जाता है कि ब्राह्मणों की इतनी बड़ी आबादी यदि एकमुश्त किसी को वोट दे दे, तो फिर उसकी जीत को कोई रोक नहीं सकता है। डॉ दुबे इसी जाति से आते हैं। भाजपा के पास ब्राह्मणों के अलावा दूसरी सवर्ण जातियों और भाजपा के कोर वोटर रहे वैश्य समुदाय का समर्थन भी है। ब्राह्मण वोटर पहले कांग्रेस के साथ जुड़े रहे, लेकिन मोदी काल के बाद ये पूरी तरह से भाजपा के लिए वोट करते हैं। इतना जरूर है कि प्रदीप यादव यहां मुसलिम और आदिवासी वोटरों को अपने पक्ष में करके यादवों की मदद से चुनाव में निशिकांत दुबे को शिकस्त देने की योजना पर काम कर रहे हैं, लेकिन यह योजना इतनी फुलप्रूफ नहीं है कि वह निशिकांत दुबे के विजय रथ को रोक सके। हां 30 मई को राहुल गांधी यहां आनेवाले हैं। देखना है कि राहुल गांधी प्रदीप यादव की राह को कितना आसान बना सकते हैं। उनके आने से निशिकांत को चुनौती मिलती है या नहीं, यह 4 जून को ही साफ होगा, लेकिन फिलहाल गोड्डा में कमल मुसकुरा रहा है।

# बंगाल में चक्रवात 'रेमल' से छह की मौत, दर्जनों घायल

**भारी बारिश से विभिन्न जिलों में जनजीवन पर व्यापक असर, 15 हजार घरों को नुकसान, दो लाख लोगों ने ली राहत शिविरों में शरण**

- ■ टूटे तटबंध, उखड़े पेड़, खेतों में पानी घुसने से नष्ट हुई फसलें, ठप पड़ी बिजली सेवा
- ■ कोलकाता में मेट्रो स्टेशन के अंदर भी घुसा पानी, घंटों निलंबित रही सेवा
- ■ मुख्यमंत्री ने कहा, चुनाव आचार संहिता हटने के बाद की जायेगी प्रभावितों के लिए आर्थिक क्षतिपूर्ति की घोषणा

- राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने किया प्रभावित इलाकों का दौरा
- दक्षिण बंगाल में कल से मौसम के साफ होने का पूवानुर्मान



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात रेमल से राज्य में जान-माल को काफी नुकसान पहुंचा है। चक्रवात की चपेट में आकर अब तक छह लोगों की मौत की खबर है, हालांकि सरकारी तौर पर चार की ही मौत की बात कही गयी है। जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं।

दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप, बकखाली, फ्रेजरगंज, सागरद्वीप और सुंदरवन इलाकों में हजारों कच्चे घर ढह गये हैं। दो लाख लोग राहत शिविरों में हैं। राज्य सरकार की ओर से विभिन्न जिलों में 1,400 से भी अधिक राहत शिविर खोले गये हैं। कुछ जगहों पर नदी तटबंध टूटने से खेतों में पानी घुस गया है, जिससे फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। कई इलाकों में बिजली के खंभे गिर गये हैं, जिससे वहां बिजली आपूर्ति ठप हो गयी है।

बताते चलें कि चक्रवात रविवार रात करीब 8.30 बजे बंगाल और बांग्लादेश के तटीय इलाकों से टकराया था। उसके प्रभाव से सोमवार को कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर व दक्षिण 24 परगना, पूर्व व पश्चिम बर्द्धमान, मुर्शिदाबाद, पुरुलिया, बांकुड़ा, झाड़ग्राम, नदिया, पूर्व व पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में भारी बारिश हुई, जिसका सामान्य जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। कोलकाता समेत विभिन्न जगहों पर अधिकांश दुकान-बाजार बंद रहे। फेरी सेवा भी बंद कर दी गयी। बसें भी बहुत कम चलीं।

चक्रवात के गुजरने के बाद सोमवार सुबह कोलकाता एयरपोर्ट पर विमानों का परिचालन दोबारा शुरू किया गया, हालांकि तेज हवाओं के कारण विमानों के उड़ान भरने व रनवे पर उतरने में काफी परेशानी हुई। लैंडिंग करने में विफल रहने पर कुछ विमानों को गया, गुवाहाटी, भुवनेश्वर व वाराणसी की ओर मोड़ दिया गया। विमान सेवाओं को रविवार दोपहर 12 बजे बंद किया गया था। ट्रेन सेवाएं भी बहाल की गयीं, हालांकि बारिश के कारण उनका मूवमेंट धीमा रहा। कुछ जगहों पर पटरियों पर पानी भर जाने के कारण उन रूटों की ट्रेनों को रद कर दिया गया अथवा गंतव्य स्टेशनों तक नहीं चलाया गया।

कोलकाता में भारी बारिश के कारण पार्क स्ट्रीट मेट्रो स्टेशन के अंदर पानी घुस गया, जिससे वहां से ट्रेन सेवाएं चार घंटे से ज्यादा समय तक निलंबित रहीं। कोलकाता मेट्रो के इतिहास में यह अभूतपूर्व घटना है। महानगर में कई इलाकों में तेज हवाओं से पेड़ उखड़ गये। निचले इलाकों में जलजमाव हो गया। मौसम विभाग ने मंगलवार से दक्षिण बंगाल में मौसम के साफ होने का पूर्वानुमान जताया है, हालांकि उत्तर बंगाल के कुछ जिलों को लेकर आगामी शनिवार तक के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आचार संहिता हटने के बाद प्रभावितों के लिए क्षतिपूर्ति की घोषणा करने की बात कही है। दूसरी तरफ राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस ने सोमवार को कोलकाता व आसपास के प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उनके साथ राजभवन की ओर से गठित टास्क फोर्स के अधिकारी शामिल थे। उन्होंने राहत व बचाव कार्यों का मुआयना किया और प्रभावित लोगों से बातचीत कर उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

# टेंडर कमीशन घोटाला में आलमगीर आलम की रिमांड तीन दिन और बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला से जुड़े मामले में छापेमारी के दौरान बरामद करीब 38 करोड़ रुपये मामले में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि तीन दिनों के लिए बढ़ा दी गयी है। 11 दिनों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद सोमवार को उनकी पीएमएलए कोर्ट में पेशी हुई। इडी द्वारा पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए फिर से तीन दिनों की रिमांड की मांग को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इडी ने कोर्ट को कहा कि आलमगीर आलम जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।



### इडी ने रिमांड आवेदन में कहा: कई बड़े और प्रभावशाली लोग हैं जांच के दायरे में

आलमगीर आलम की रिमांड अवधि बढ़ाने के लिए इडी ने अदालत में जो आवेदन दिया है, उसमें कहा गया है कि इस पूरे मामले में कई बड़े और प्रभावशाली लोग जांच के दायरे में हैं। ऐसे ही एक अधिकारी, यानी मनीष रंजन को सबूत इकट्ठा करने के लिए पीएमएलए, 2002 की धारा 50 के तहत तलब किया गया था, लेकिन वह 24 मई को पेश होने में विफल रहे। 28 मई को उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति के लिए उन्हें एक और समन जारी किया गया है। इडी ने कहा है कि जांच के दौरान आलमगीर आलम से जुड़े कई प्रभावशाली व्यक्तियों की भूमिका भी पायी गयी। वे प्रमुख निर्णयकर्ता और लाभार्थी थे या उन्होंने अपराध की आय के सृजन और वितरण में सहायता की होगी, जो विभाग की कथित सांठगांठ के माध्यम से आलमगीर आलम तक पहुंची थी। इडी ने कहा कि मामले की तह तक पहुंचने के लिए काफी समय तक ग्रामीण विकास विभाग के सचिव रहे मनीष रंजन से आलमगीर आलम का आमना-सामना कराने के लिए उनकी रिमांड अवधि को और बढ़ाने की जरूरत है। इडी ने दोहराया कि आलमगीर आलम ने अपराध की आय को छुपाया है और इसके अधिग्रहण और हस्तांतरण में शामिल हैं। इसके अलावा आलमगीर आलम के पास मनी लांड्रिंग के अपराध से संबंधित भौतिक साक्ष्य और जानकारी है, जो मौजूदा मामले में यह जांच का विषय है। इडी के अनुसार विभिन्न परिसरों से जब्त किये गये दस्तावेजी साक्ष्य आलमगीर आलम की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाते हैं और डिजिटल उपकरणों की जांच से अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता का भी पता चलता है। इसलिए उक्त तथ्य का आलम से सामना कराने की जरूरत है।

### आइएएस मनीष रंजन से आज इडी करेगी पूछताछ



रांची। इडी के अधिकारी मंगलवार को आइएएस मनीष रंजन से पूछताछ करेंगे। उनको इडी ने दूसरा समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। हालांकि इडी ने इसके पहले भी समन जारी कर उन्हें बुलाया था, लेकिन उन्होंने पत्र भेज कर समय मांगा था। मनीष रंजन वर्तमान में भू-राजस्व और भवन निर्माण विभाग में सचिव हैं।

### सलेमपुर में इंडी गठबंधन पर अमित शाह का तंज, बोले

# ये लोग अपने बेटे-भजीते को पीएम-सीएम बनाना चाहते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता



**बलिया।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा 400 पार करने वाली है। कांग्रेस 40 के अंदर सिमटने वाली और ये अखिलेश की चार भी नहीं होने वाली। आपने दूसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया तो अयोध्या में राम मंदिर बनाने का काम किया गया। ये चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने और राम मंदिर बनाने वालों के बीच का चुनाव है।

अमित शाह ने सोमवार को बलिया के सलेमपुर लोकसभा के बेल्थरारोड स्थित हल्दीरामपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग बेटे-भतीजे को मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। लालू अपने बेटे को, सोनिया अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। आपका भला वही कर सकता है, जिसका परिवार 130 करोड़ की जनता है। वह नरेंद्र मोदी हैं। 4 जून को राहुल बाबा प्रेस कांफ्रेंस कर कहेंगे कि इवीएम के कारण भाजपा जीती है।

अमित शाह ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने चीनी मिलों को बंद करा दिया था। हमने चीनी मिलें चालू कराईं। राहुल व अखिलेश झूठ फैला रहे हैं कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो आरक्षण समाप्त कर देंगे। मैं गारंटी देता हूं जब तक मोदी प्रधानमंत्री रहेंगे। आरक्षण समाप्त नहीं होगा। बलिया सलेमपुर में बाढ़ के कारण हो रहे कटान की समस्या हमेशा के लिए समाप्त कर देंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पांच चरण के चुनाव का परिणाम मुझे मालूम है, आप लोगों को जानना है क्या। जनता की हां सुनने के बाद उन्होंने कहा कि पांच चरण में 310 पार करके पीएम मोदी सरकार बनाने का काम कर रहे। छठां और सातवां चार पार कराने का है। सलेमपुर वालों 400 पार कराओगे क्या, मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाओगे क्या। सलेमपुर के भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा के नाम के सामने कमल का निशान है, उस पर बटन दबाते ही नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन जाएंगे। अमित शाह ने कहा कि 70 साल से कांग्रेस की सरकार में रुका हुआ राम मंदिर बनाने का काम पीएम नरेंद्र मोदी ने किया। सभा में मौजूद लोगों से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि रामभक्तों पर गोली चलाने वाले समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोगों को वोट देंगे क्या। पाक और कश्मीर भारत का है या नहीं। भीड़ ने कहा हां। तो अमित शाह बोले कांग्रेस कहती है कि पाक और कश्मीर मत मांगिए, उनके पास एटम बम है, अरे राहुल बाबा आप डरिये एटम बम से, भाजपा डरने वाले नहीं। पाक और कश्मीर भारत का है और रहेगा। हम इसे लेकर रहेंगे।

### अरविंद राजभर ने जमीन पर बैठ कर योगी को प्रणाम किया

# कांग्रेस प्रत्याशी ने भाई के हत्यारों के सामने घुटने टेके : योगी आदित्यनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता




**मऊ।** मऊ में यूपी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर ने जमीन पर बैठकर सीएम योगी को प्रणाम किया। सीएम ने भी पीठ थपथपाकर शाबाशी दी। अरविंद घोसी लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी हैं। सोमवार को चुनावी रैली में योगी ने कहा- कांग्रेस सरकार बनी तो पर्सनल कानून लागू करेगी। यानी तालिबानी शासन। बेटियां स्कूल नहीं जा पायेंगी। महिलाएं बाजार नहीं जा पायेंगी। तीन तलाक की कुप्रथा को फिर से लागू कर देंगे। बुर्के के अंदर महिलाओं को दुबक कर रहना पड़ेगा। भारत में तालिबानी कानून नहीं लागू होने देंगे।

योगी ने वाराणसी की रैली में कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि- जिन माफियाओं ने इनके भाई की हत्या की। उनके सामने इन्होंने घुटने टेक दिये। भाजपा ने स्वर्गीय अवधेश राय को श्रद्धांजलि दी है। भाजपा विधायक कृष्णानंद राय के हत्यारों को मिट्टी में मिलाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के लोग आपके हक पर डकैती डालना चाहते हैं। इनका घोषणा पत्र कहता है कि सत्ता में आयेंगे तो जनता पर वरासत टैक्स लगायेंगे। वरासत टैक्स का मतलब है कि आपके पूर्वजों ने कोई संपत्ति बनायी है, जो आपको मिली है। कांग्रेस की सरकार आने पर उस संपत्ति को आधा ले लेंगे।

# कल्पना सोरेन दूसरे नंबर की बहू, हम हैं एक नंबर बहू : सीता सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जामताड़ा।** दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने जामताड़ा में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी व देवरानी कल्पना सोरेन पर हल्ला बोला। कहा कि यह दूसरे नंबर की बहू नहीं चलेगी। वह (सीता सोरेन) झामुमो अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बड़े बेटे दुर्गा सोरेन की पत्नी व असली बहू हैं। वह बहू नंबर वन हैं। इस प्रदेश को दो नंबर की सरकार व दो नंबर की बहू नहीं चाहिए। प्रदेश की जनता को दो नंबरी बेटों, दो नंबरी काम करने वालों व दो नंबर की बहू ने ठगने का काम किया है। कहा कि अब आपके सामने नंबर वन बहू आयी है। जो जनता के लिए काम करेगी।

### चंपई सोरेन की कुर्सी खतरे में पड़ने वाली है

सीता सोरेन ने कहा कि दिल्ली से लेकर यहां आकर इंडिया गठबंधन की टीम, भ्रष्ट लोगों की टीम मंच सजा रही है। इससे पहले कल जामताड़ा में एक सभा में कहा कि हेमंत जी भ्रष्टाचार की वजह से जेल में हैं। उन्होंने अब अपनी पत्नी को आगे कर दिया है। वह उनको अपनी जीती हुई सीट दे रहे हैं। सीता सोरेन ने कहा कि मुझको लगता है कि चंपाई सोरेन की कुर्सी खतरे में पड़ने वाली है।

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जामताड़ा में सीता सोरेन पर साधा निशाना

# अवसरवादी हैं सीता सोरेन, चुनाव हारकर फिर झामुमो में आयेंगी : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**जामताड़ा।** मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जामताड़ा में दुमका की भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन पर हमले किये। ठाकुर ने सीता सोरेन अवसरवादी प्रवृति की महिला बताया। कहा कि वे सिर्फ निजी स्वार्थ के बारे में ही सोचती और जानती हैं। लोकसभा चुनाव में हारने के बाद फिर से उनका अपने परिवार और पार्टी में वापसी होगी। यह विश्वास के साथ कह रहा हूं।

मंत्री ने कहा कि तीन चरण में झारखंड की 11 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है और दावे के साथ कह सकता हूं कि इन सभी 11 सीटों पर इंडी गठबंधन विपक्ष पर पूरी तरह से भारी पड़ा है। 1 जून को संथाल परगना के तीन सीटों पर चुनाव होना है। सभी सीट भारी अंतर से जीत रहे हैं।

**विकास करना तुष्टिकरण है, तो हमें परहेज नहीं :** मंत्री ने कहा कि आरोप लगाना, झूठे वादे करना, जनता को गुमराह रखना यह भाजपा की पहचान है। भाजपा की ओर से जो तुष्टीकरण का आरोप लगाया जा रहा है, इसमें कोई सार्थकता नहीं है। गरीबों को मुफ्त अनाज देना, 125 यूनिट बिजली मुफ्त देना, सावित्रिबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना चलाना, गरीबों को अबुआ आवास देना यदि तुष्टीकरण है, तो झामुमो को इससे कोई परहेज नहीं है।

**पंचायत चुनाव में भी प्रचार कर सकते हैं पीएम :** मंत्री ने कहा कि पीएम की चुनावी सभा किसी भी प्रकार से चुनाव परिणाम का फैक्टर नहीं है। इवेंट मैनेजमेंट के तहत मोदी जी का कार्यक्रम चलता रहता है और किसी पंचायत स्तरीय चुनाव में भी वह पहुंच जायें, तो कोई बड़ी बात नहीं। उन्होंने कहा कि जहां तक देशभर की बात है, तो 4 तारीख को चुनाव परिणाम आने के साथ ही आपको पता चल जायेगा कि हमारा गठबंधन दिल्ली में सरकार बनाने जा रहा है।

### मध्यप्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा पहुंचे दुमका, कहा

# बाबा बासुकीनाथ और जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्रधानमंत्री मोदी के साथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**दुमका।** उपराजधानी दुमका के बासुकीनाथ में मध्यप्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर बीजेपी की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 पार का लक्ष्य हासिल करेगी। भाजपा नेता वीडी शर्मा ने कहा कि जनता जनार्दन और बाबा बासुकीनाथ का आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिल चुका है। संथाल परगना की तीन सीट सहित झारखंड की सभी 14 सीटों पर भाजपा की जीत होगी।

**बाबा बासुकिनाथ की पूजा कर मांगा आशीर्वाद :** इसके पूर्व मध्यप्रदेश बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने दुमका के बाबा बासुकीनाथ मंदिर पहुंचकर षोडशोपचार विधि से पूजा-अर्चना की. पुरोहित पंडित मणिकांत झा उर्फ मन्नो बाबा सहित अन्य पुरोहितों ने विधि-विधान पूर्वक बाबा बासुकीनाथ, माता पार्वती, माता काली, शत्रु संहारिणी बगलामुखी माता की पूजा अर्चना और आरती करायी। वीडी शर्मा ने बाबा बासुकीनाथ की पूजा कर मंगलकामना की।

**बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं संग की बैठक :** पूजन के बाद वीडी शर्मा ने बासुकीनाथ नगर में स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने गोड्डा लोकसभा सीट पर बीजेपी प्रत्याशी निशिकांत दुबे की जीत को लेकर मंत्रणा की। इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सदस्य अभयकांत प्रसाद, संजय शौर्य, संदीप पांडेय, भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री मनोरमा देवी, नगर संयोजक राजेश गुप्ता, नगर मंत्री नरेश पंडा, महामंत्री कार्तिक राव, भाजयुमो नगर अध्यक्ष पप्पू सिंह, आशुतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मेरा मुकाबला बसपा प्रत्याशी बजरंगी से : निशिकांत दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोड्डा।** निवर्तमान सांसद सह बीजेपी प्रत्याशी निशिकांत दुबे का ओवैसी से लगाव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ दिन पूर्व नामांकन के बाद निशिकांत दुबे ने कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा था कि उनका मुकाबला ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम के उम्मीदवार से है। साथ ही उन्होंने कहा था कि इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव को गंभीरता पूर्वक लेने की जरूरत नहीं है।

### एआइएमआइएम ने बसपा प्रत्याशी को समर्थन देने की घोषणा की है

सूत्र बताते हैं कि इसके पीछे की वजह साफ है कि गोड्डा सर्वाधिक मुस्लिम मतदाता वाला लोकसभा क्षेत्र है। ऐसे में अगर उसमें बिखराव होता है तो इसका सीधा लाभ भाजपा को होगा, लेकिन इसके उलट एक मात्र मुस्लिम उम्मीदवार एआइएमआइएम के मंसूर मंसूरी ने अपना नामांकन ही वापस ले लिया। इसके बाद अब एआइएमआइएम ने घोषणा की है कि वो अब बसपा उम्मीदवार बजरंगी महथा को पार्टी समर्थन करेगी।

### निशिकांत ने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर दी जानकारी

इसके बाद गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने फिर सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर कहा है कि उनका मुकाबला अब बसपा से होगा, क्योंकि एआइएमआइएम ने बसपा को समर्थन दे दिया है.

### निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक आनंद झा के आने से बन सकता है नया कोण

वहीं इस संबंध में सूत्र बताते हैं कि ये सब कुछ भी नहीं, बस ध्यान भटकाने और मुस्लिम मतों के बिखराव को दिखाना है। हालांकि इससे इतर गोड्डा लोकसभा में चमत्कार फिलहाल होता कम दिख रहा है और पूरा मुकाबला आमने-सामने का है। हां, कोई अगर नया कोण बना रहा है जिसकी संभावना धीरे-धीरे बढ़ रही है तो वो निर्दलीय अभिषेक आनंद झा हैं, लेकिन वो कितना प्रभावित करते हैं ये उनकी वोट की हिस्सेदारी पर निर्भर करता है।

### पटना में मंच धंसा, कांग्रेस नेता ने कहा : मैं ठीक हूं

# मोदी पीएम नहीं बनेंगे : राहुल गांधी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** राहुल गांधी ने सोमवार को बिहार में तीन सभाएं कीं। 12 बजे पटना के बख्तियारपुर में, डेढ़ बजे पालीगंज में तो साढ़े 3 बजे आरा में सभा को संबोधित किया। पालीगंज में राहुल गांधी जैसे ही मंच पर पहुंचे, तो मंच का एक हिस्सा धंस गया। राजद कैंडिडेट मीसा भारती ने राहुल गांधी का हाथ पकड़ कर उन्हें संभाला। थोड़ी देर में सुरक्षाकर्मी भी आ गये, लेकिन राहुल ने कहा- मैं ठीक हूं।

सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव को बब्बर शेर बताया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में अमीर लोग अमीर होते जा रहे हैं और गरीब लोग गरीब। राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री ने दस साल में कुछ नहीं किया।

राहुल ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि इडी से बचने के लिए कहते हैं बड़े-बड़े फैसले मैं नहीं, परमात्मा लेते हैं। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पटना के बख्तियारपुर में जनसभा की। उन्होंने करीब 18 मिनट का भाषण दिया। सभा को संबोधित करते हुए राहुल ने गारंटी दी कि मोदी इस बार पीएम नहीं बनेंगे।

उन्होंने बताया कि एक इंटरव्यू में मोदीजी ने कहा था कि बड़े-बड़े फैसले मैं नहीं लेता परमात्मा लेते हैं। ये ऐसा एऊ से बचने के लिए कहते हैं। राहुल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर इडी उनसे अडाणी पर सवाल करेगी।

उन्होंने कहा कि मोदी जी आप लंबे-लंबे भाषण देना बंद कीजिए आप देश को बांटने की कोशिश मत करिए। आप सबसे पहले देश और बिहार के युवाओं को ये बताइए कि आपने देश के युवाओं को कितना रोजगार दिया कितनी नौकरियां दीं? आपने 2 करोड़ रोजगार की बात की थी आपने 1 युवा को नौकरी नहीं दी।

नरेंद्र मोदी कुछ भी कहे 4 जून के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने जा रही है। यह संविधान का चुनाव है। बीजेपी वालों ने कहा है कि हम इस संविधान को फाड़ कर फेंक देंगे। तेजस्वी ने बिहार में अपलोगों को रोजगार दिया। पूरे हिंदुस्तान में 30 लाख रोजगार है, वो देने का काम करेंगे।

## पेज 1 का शेष

### झारखंड की बची तीन लोकसभा सीटों के केंद्र में भी मोदी...

हालांकि इसकी तादाद इतनी नहीं लगी कि वह किसी राष्ट्रीय पार्टी को हरा सकें। इतना समझ में आया कि झामुमो के वोट में सेंधमारी हुई है। वैसे कुरमी मतदाता, जो चंद्रप्रकाश चौधरी को नापसंद करते हैं या धनबाद में ढुल्लू महतो को पसंद नहीं करते, उनका वोट मोदी के नाम पर कमल फूल और केला में गया है। चुनाव बाद धनबाद और गिरिडीह के लोगों से बातचीत करने पर यह साफ हो गया कि इन सीटों पर धनबाद से भाजपा और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से आजसू पार्टी के उम्मीदवार का पलड़ा भारी है।

गोड्डा में भाजपा का जोर, तो दुमका में टक्कर

दोपहर करीब 1.30 बजे हम नारायणपुर पहुंचे। यह इलाका जामताड़ा जिले का है और दुमका लोकसभा क्षेत्र में आता है। इसके बाद दोपहर 2.00 बजे जामताड़ा पहुंचे। यहां भी लोगों से बातचीत हुई। इससे आगे शाम 3.20 में रांगामटिया गांव मिला। यह देवघर जिला में है। इससे आगे शाम 4.10 बजे पालाजोरी बाजार पहुंचे और शाम 5.00 बजे बासुकीनाथ पहुंचना हुआ। नारायणपुर,जामताड़ा, रांगामटिया आदि इलाके दुमका लोकसभा क्षेत्र में आते हैं। वहीं, पालाजोरी, बासुकीनाथ आदि क्षेत्र गोड्डा लोकसभा इलाके में आते हैं। यानी यहां भी दो लोकसभा क्षेत्रों के मतदाताओं से रूबरू होने का मौका मिला। इन दोनों लोकसभा क्षेत्र के लोग एक जून को मतदान करेंगे। राजनीतिक विश्लेषक गोड्डा से भाजपा की जीत को सुनिश्चित मान रहे, तो दुमका में चुनौती की बात कर रहे। जबकि दोनों क्षेत्र के मतदाताओं से बातचीत में 'मोदी' केंद्रित बात ही लगी। दुमका क्षेत्र में मतदाता थोड़े बंटे हुए जरूर दिख रहे। यहां भाजपा के परंपरागत वोटर मोदी के कारण इंटैक्ट हैं। यहां यह भी सच है कि अभी तक सीता सोरेन भाजपाइयों के दिलों में रच-बस नहीं पायी हैं। हालांकि झामुमो भी यहां पीछे नहीं है। 'गुरूजी' यानी शिबू सोरेन का सिक्का आज भी कायम है। अब सीता सोरने इस सिक्के को कितना भेद पाती हैं, इस पर बहुत कुछ निर्भर करता है। कुछ जगहों पर भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के साथ लोगों की सहानुभूति भी दिखी कि उन्हें घर से निकाल दिया गया, जबकि कुछ जगहों पर 'गुरूजी' के आगे कुछ भी नहीं। कुछ लोगों का कहना था कि यह घर का झगड़ा है, हमें इससे क्या लेना-देना। एक बात और समझ आयी कि आदिवासियों में जो पढ़ा-लिखा वर्ग है, वह काफी सोच-समझ कर वोट करेगा। सोशल मीडिया और इंटरनेट के जमाने में वह केंद्रीय योजनाओं से परिचित हो चुका है। यह वर्ग कभी झामुमो का आधार वोट बैंक हुआ करता था, लेकिन उसमें से कुछ युवा अब बदल-बदले से नजर आते हैं। दुमका और गोड्डा लोकसभा क्षेत्र की बात की जाये तो कहा जा सकता है कि गोड्डा में सचमुच में निशिकांत दुबे को कोई बड़ी चुनौती नहीं है, हां सीता सोरेन को अभी और मेहनत करनी होगी। खास कर जामताड़ा इलाके में, जहां वैसे भी इरफान अंसारी भारी हैं। मुस्लिम बहुल इलाका है। वहां के भाजपाई भी पूरी तरह सीता सोरेन के साथ रच-बस नहीं पाये हैं। जामताड़ा में बाबूलाल मरांडी का इंतजार है। जामताड़ा के भाजपा समर्थक वहां के विधानसभा में दो बार के उम्मीदवार रहे नेता से खुश नहीं हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 68,200 रु./10 ग्राम
चांदी 95,000 रु./प्रति किलो



# यह आम हत्या नहीं, पूरे सिस्टम की हत्या है : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एक्सट्रीम बार हत्याकांड को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चंपाई सरकार पर हमला किया। कहा कि चंपाई सोरेन के मुख्यमंत्री बनने के बाद उनसे कई उम्मीदें जगी थीं। लगा था कि अब झारखंड में थोड़ा भ्रष्टाचार और खून-खराबा कम होगा, लेकिन जेल में बैठे सरकार के नेताओं ने ऐसे सिस्टम का जाल खड़ा किया है कि चंपाई भी उस जाल में फंसते नजर जा रहे हैं। बाबूलाल ने कहा कि रांची में पूरे देश से आने वाले प्रमुख नेता, महत्वपूर्ण लोग, खिलाड़ी और कलाकार जिस होटल में आकर रुकते हैं, ठीक उस होटल के सामने हत्या हुई है। यह एक आम हत्या नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की हत्या है।

**रिमोट कंट्रोल से न चलें चंपाई :** बाबूलाल ने कहा कि रांची डीसी ने विज्ञापन देकर सभी लोगों के हथियार जमा कराने को कहा था, लेकिन लगता है कि जिन लोगों से समाज और चुनाव को खतरा है, उनके हथियार उनके पास ही रह गये। बाबूलाल ने सीएम से कहा कि आपको एक बार फिर से आगाह कर रहा हूं। रिमोट से आप ना चलें, बल्कि अपने अंतरात्मा की आवाज को सुन कर प्रशासनिक सिस्टम को थोड़ा दुरुस्त करें। बेइमान पुलिस वालों पर कार्यवाही करें।

**जेसिका लाल मर्डर केस की याद ताजा :** बाबूलाल ने कहा कि इस घटना ने जेसिका लाल मर्डर केस की यादें ताजा कर दीं। मामूली विवाद में डीजे की हत्या करने वाले अपराधियों का दुस्साहस दिखाता है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिल्कुल मरणासन्न है। सरकार साढ़े 4 सालों से अपराधियों के गोद में बैठकर खेल रही है, उनसे कार्रवाई की उम्मीद भी नहीं की जा सकती। ऐसे में बेहतर होगा कि चंपाई सोरेन इस्तीफा दे दें।

# फर्जी है हथियार का लाइसेंस भी, तीन अन्य से पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रविवार की रात चुटिया थानांतर्गत एक्सट्रीम स्पोर्ट बार और ग्रिल में खाने पीने के दौरान बार के बाउंसर और कुछ व्यक्तियों के बीच मार पीट की घटना हुई थी। मारपीट की घटना की सूचना चुटिया थाना को मिलने पर थाना के पदाधिकारी बार में आये। पुलिस के आने से पहले एक व्यक्ति के अलावे अन्य सभी लोग वहां से चले गये थे। पुलिस के द्वारा उस एक व्यक्ति को चुटिया थाना ले जाया गया। रात्रि करीब 01.18 बजे बार के डीजे बार के बाहर स्थित लिफ्ट के सामने खड़े थे, उस वक्त लिफ्ट से एक हथियार बंद व्यक्ति द्वितीय तल पर स्थित बार में आया और लिफ्ट के सामने खड़े डीजे सैंडी, जो टैक्सी के इंतजार में खड़ा था, को आते ही गोली मार दिया। गोली मारने के बाद उक्त अभियुक्त नीचे उतरा तथा पुनः बार के शीशे पर नीचे से गोलियां चलाया। जब पुलिस की गश्ती दल गोली की आवाज सुनकर पहुंची तो अभियुक्त घटना स्थल से भाग गया। इलाज के क्रम में डीजे सैंडी (पश्चिम बंगाल, 24 परगना निवासी) की मृत्यु हो गयी।

वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा कांड के उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक, नगर रांची की अध्यक्षता में एक एसआइटी का गठन किया गया है। अनुसंधान के क्रम में यह पाया गया कि अभिषेक सिंह उर्फ विक्की, शमीरउद्दीन, आयाम अनवर, प्रतीक, मृत्युंजय यादव उर्फ मिथुन, प्रकाश और प्रकाश के दोस्त और बार के बाउंसरों के बीच मार पीट हुई थी। घटना के करीब दो से ढाई घंटे बाद उन्हीं में से एक व्यक्ति जिसकी पहचान अभिषेक सिंह उर्फ विक्की के रूप में की गयी है, ने पुनः बार में आकर डीजे संचालक को गोली मार दी। तलाशी के दौरान इसके नाम से असम राज्य से निर्गत 02 हथियारों की अनुज्ञप्ति प्राप्त हुई है। उक्त शस्त्र अनुज्ञप्ति के संबंध में उपायुक्त, रांची के शस्त्र शाखा से इसकी विवरणी की मिलान की गयी, मिलान के क्रम में उक्त अनुज्ञप्ति से संबंधित कोई भी प्रविष्टि वहां प्राप्त नहीं हुई है। प्रथम दृष्टया दोनों अनुज्ञप्ति फर्जी प्रतीत होते हैं। कांड कारित करने के बाद जिस कार से अभिषेक सिंह उर्फ विक्की घटना स्थल से फरार हुआ था, उसे पुलिस के द्वारा खोजबीन कर विधिवत जब्त किया गया है। बार और कार की एफएसएल जांच की जा रही है।

बाउंसर के साथ मारपीट में शामिल अभिषेक सिंह उर्फ विक्की के अन्य साथियों में से तीन 1. प्रतीक, पिता उपेंद्र प्रसाद सिंह, वर्तमान पता- बिजुलिया रामगढ़ को रामगढ़ से, 2. मो समीरूद्दीन, स्व जमालुद्दीन, एदलहातु, मोरहाबादी को रांची से तथा 3. मृत्युंजय कुमार यादव, कृष्ण यादव, पता- गाड़ी होटवार को होटवार रांची से पकड़कर पुलिस के द्वारा पूछताछ की जा रही है।

अभिषेक सिंह उर्फ विक्की गया जिला में गिरफ्तार कर लिया गया है। भागने के क्रम में प्रयुक्त दो वाहन को भी जब्त किया गया है। उक्त घटना के संबंध में चुटिया थाना कांड संख्या 117/24, 27/05/2024, धारा- 302/120 इ/34 भादवि और 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है।

रांची पुलिस की एक टीम रामगढ़ गयी और बाउंसरों से मार पीट में शामिल प्रतीक (यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का मैनेजर) का पता लगाकर पकड़ा। मुख्य अभियुक्त अभिषेक के दो सहयोगी मिथुन और समीरुद्दीन को रांची से पकड़ा गया। उनलोगों से गहन पूछताछ में स्वयं वरीय पुलिस अधीक्षक शामिल रहे तथा मुख्य अभियुक्त का पता लगाया।

रांची पुलिस की एक टीम मुख्य अभियुक्त अभिषेक सिंह के सेल टाउन स्थित भाड़े के मकान में छापेमारी के लिए गयी जहां ताला बंद पाया गया।गहन तकनीकी अनुसंधान करते हुए प्राप्त सूत्रों को हजारीबाग पुलिस और गया पुलिस से शेयर किया गया और रांची पुलिस की एक टीम अभियुक्त के भागने की दिशा में पीछा करने लगी। चौतरफा घेराबंदी कर गया ज़िले के अलीपुर थाना क्षेत्र में अभियुक्त अभिषेक सिंह उर्फ. विक्की की गिरफ़्तारी की गयी। हथियार की बरामदगी का प्रयास चल रहा है।

# राजधानी में लोग दहशत में: प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि बीच राजधानी में बार में गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। बेखौफ अपराधी उस बार के शीशे को भी गोली से छलनी कर देते हैं। सरकार का इकबाल कहां है। अपराधियों के मन में कानून का खौफ कहां है। अभी तो पुलिस हाई अलर्ट में है। मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लगा हुआ है और राजधानी रांची में ऐसी घटना को अंजाम देकर अपराधी बड़े आराम से चले जाते हैं। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सिर्फ घटना के उद्भेदन से काम नहीं चलेगा, बल्कि पुलिस को जनता का विश्वास कायम करना होगा। प्रतुल शाहदेव ने लिखा कि वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि वह हत्या करने के बाद नीचे उतरकर साढ़े चार मिनट तक गोलियां चलाते और खोखा चुनते दिख रहा है। इस वीडियो के अंत में एक पुलिस की पेट्रोलिंग जीप भी वहां दिखती है। उस समय तक हत्यारे की गाड़ी का दरवाजा खुला है। आश्चर्जनक रूप से इसके बाद का वीडियो फुटेज गायब है। जब पुलिस की गश्ती जीप मौके-ए-वारदात पर पहुंच गयी थी, तो फिर हत्यारा उस समय कैसे भाग गया। यह पूरा प्रकरण पुलिस की कार्यशाली पर बड़ा प्रश्न खड़ा करता है। राजधानी सहित पूरे राज्य की जनता इस घटना के बाद दहशत में है। अपराधियों के मन में पुलिस का खौफ अभी तक नहीं दिख रहा है।

# प्रधानमंत्री का अपमान देश के हर व्यक्ति का अपमान है: रोहित शारदा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश के संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डोरंडा थाना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अभद्र भाषा का प्रयोग सार्वजनिक स्थल पर करने के लिए अज्ञात पर प्राथमिक की दर्ज करने हेतु आवेदन दिया। आवेदन कर्ता भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता रोहित शारदा ने आवेदन किया इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के अधिवक्ता शिवकुमार शर्मा और अधिवक्ता प्रकाश झा उपस्थित थे।

इस अवसर पर विधि पर कास्ट के प्रदेश संयोजक प्रदेश श्रीवास्तव ने कहा कि यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का अपमान नहीं है बल्कि इस देश में रहने वाले हर व्यक्ति का अपमान है क्योंकि प्रधानमंत्री पूरे देश का होता है, ना कि किसी पार्टी का।

इस अवसर पर शिकायतकर्ता भाजपा के युवा नेता रोहित शारदा ने कहा कि हमारे क्षेत्र में हमारे प्रधानमंत्री को अभद्र भाषा का प्रयोग कोई करता है तो यह हमारे लिए बहुत शर्म का विषय है और ऐसे अपराधी को अविलंब पड़कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाये।

# मुख्यमंत्री सचिवालय ने सोरोज बार और स्काइस्केप के विरुद्ध दिये जांच के आदेश

**युवा कांग्रेस महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा ने की थी शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कडरू स्थित सोरोज बार और लाइन टैंक रोड स्थित स्काइस्केप बार के संचालकों द्वारा मनमाने तरीके और नियमों की अनदेखी कर बार के संचालन की शिकायत को मुख्यमंत्री सचिवालय ने गंभीरता से लिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा दोनों बार के संचालन की जांच को लेकर उत्पाद उपायुक्त, झारखंड को पत्र अग्रसारित किया है। मुख्यमंत्री सचिवालय से निर्देश दिया गया है की दोनों बार के मामले की जांच 1 सप्ताह में कर सूचना दी जाये, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। इस संबंध में उत्पाद और मद्‌ निषेध विभाग, झारखंड सरकार के उपायुक्त उत्पाद, मुख्यालय ने पत्रांक संख्या 01/विविध (बार जांच) 26-14/2024, 27 मई 2024 के माध्यम से सहायक उत्पाद आयुक्त, रांची से बार अनुज्ञप्तिधारी इकाई के विरुद्ध प्राप्त परिवाद के आलोक में जांच रिपोर्ट की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये आवेदन पर आपके द्वारा विभाग को जांच प्रतिवेदन अब तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। पत्र में कहा गया है कि वर्णित तथ्यों के आलोक में आवश्यक जांच कर जांच प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराया जाए ताकि इस संबंध में अग्रेतर निर्णय लिया जा सके।

ज्ञात हो कि रांची जिला युवा कांग्रेस के महासचिव रोहित सिन्हा ने 3 मई 2024 को दोनों बार संचालकों के खिलाफ मनमानी करने और नियमों का उल्लंघन कर बार संचालन करने की शिकायत की थी। रोहित सिन्हा ने इस संदर्भ में राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था।

# आधुनिक भारत के निर्माता थे पंडित नेहरू: मीर

**पहले प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार को पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि कांग्रेस भवन में मनायी गयी। प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री बन्ना गुप्ता ने श्रद्धांजलि दी। गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू भारत के सिर्फ प्रधानमंत्री नहीं थे, बल्कि वे आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 11 वर्ष जेल में बिताये।

## मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए रखी आधारशिला

झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पंडित जी ने देश में औद्योगीकीकरण और कृषि क्रांति के माध्यम से मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए आधारशिला रखी। उन्होंने ऐसे वक्त पर हिंदुस्तान का नेतृत्व किया, जब देश टूट चुका था। आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश को एकजुट कर विकास का मार्ग प्रशस्त किया।

## पदचिह्नों पर चलकर दे सकते हैं सच्ची श्रद्धांजलि: राजेश

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के सिद्धांतों को पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आगे बढ़ाने का काम किया। उनके पदचिह्नों पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू ने शांति के लिए दुनिया को पंचशील का सिद्धांत दिया।

**मौके पर ये थे उपस्थित :** कार्यक्रम में अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, केदार पासवान, सूर्यकांत शुक्ला, रविंद्र सिंह, नेली नाथन, भानु प्रताप बड़ाइक, मंजर मुजीबी, अजय सिंह, विनोद कुमार सिंह, नीलांबर साहू, मिनी बड़ा आदि उपस्थित थे।

# दो जून से टोल की दरों में बढ़ोतरी की तैयारी

**एक अप्रैल से बढ़नी थी दर, चुनाव के कारण टल गया था मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** दो जून से नेशनल हाइवे पर चलने वाले वाहन चालकों की जेब ढीली करने की तैयारी चल रही है। एनएचएआइ की ओर से निर्मित हाइवे में टोल टैक्स लगाने के लिए कवायद तेज कर दी गयी है। टोल टैक्स में बढ़ोतरी इस वित्तीय वर्ष की शुरुआत एक अप्रैल से ही होनी थी, लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते वाहन चालकों को राहत मिल गयी थी और एक जून तक टोल नहीं बढ़ाने का आदेश भारत सरकार की ओर से भेजा गया था। एनएचएआइ ने झारखंड सहित सभी राज्यों के रिजनल पदाधिकारियों को पत्र लिखकर लोकसभा आम चुनाव के आखिरी चरण एक जून तक टोल में वृद्धि नहीं करने का निर्देश दिया था, हालांकि सभी राज्यों ने टोल वृद्धि का प्रस्ताव तैयार भी कर लिया था, लेकिन इसे टाल दिया गया था। ऐसे में एक जून की रात 12 बजे के बाद से टोल वृद्धि करने की तैयारी चल रही है। एनएचएआइ की ओर से इस संबंध में मार्गदर्शन भी मांगा गया है। टोल की वृद्धि पांच रुपये से 15 रुपये तक होगी। संबंधित टोल प्लाजा के जरिये टोल की वसूली होगी। हालांकि ओरमांझी, पुनदाग में टोल प्लाजा में टोल दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की जायेगी।

# 570 करोड़ की लागत से सुधरेगी बिजली व्यवस्था

# 24 घंटे बिजली के लिए आधारभूत संरचना में होगा बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी की जल्द ही बिजली व्यवस्था सुधरनेवाली है। निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए आधारभूत संरचना में बदलाव की तैयारी चल रही है। 570 करोड़ की लागत से इस व्यवस्था को दुरुस्त करने की योजना है। झारखंड सरकार ने इसके लिए आरडीएसएस स्कीम की मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत राजधानी रांची में लगाये गये बिजली पोल, तार, ट्रांसफार्मर, फीडर में बदलाव किया जायेगा। नये बिजली पोल, तार और ट्रांसफार्मर लगाये जायेंगे। एनसीसी कंपनी को काम भी आवंटित कर दिया गया है। फिलहाल बिजली विभाग इंजीनियरों और कंसलटेंट के द्वारा राजधानी के विभिन्न इलाकों-मुहल्लों में सर्वे कार्य चलाया जा रहा है, जिन स्थानों में पोल, तार, कंडक्टर, अंडरग्रांउड केबल बदलने की जरूरत है, इसकी रिपोर्ट तैयार हो रही है। चुनाव बाद तुरंत ही इस पर काम भी प्रारंभ कर दिया जायेगा। ऊर्जा वितरण निगम लिमिटेड सारे कार्यों की निगरानी और अनुश्रवण करेगा।

आरडीएसएस स्कीम के तहत बिजली आपूर्ति को सुगम कराने पर अधिक जोर है। सब स्टेशन के फीडरों को छोटा किया जायेगा। वर्तमान में फीडर से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति होती है। इसे अब छोटा किया जायेगा। इंजीनियरों ने बताया कि जैसे आइटीआइ सब स्टेशन फीडर से आइटीआइ, पिस्का मोड़, नीलांचल कोठी, इंद्रपुरी तक बिजली आपूर्ति का काम होता है, इसे छोटे-छोटे फीडरों में बांट दिया जायेगा, ताकि बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हो सके। इसके अलावा 11 केवी का नया फीडर भी स्थापित किया जायेगा।

## 100 से 500 केवी के ट्रांसफार्मर लगेंगे

बिजली विभाग शहर के सारे पुराने ट्रांसफार्मर को भी बदलने की तैयारी कर रहा है। वर्तमान में 63 केवी वाला जितने भी ट्रांसफार्मर है, उसे 100 केवी तक बदल दिया जायेगा। इसी तरह 200 केवी और 500 केवी तक के ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। वहीं, पुराने और ओवरलोड ट्रांसफर को भी बदला जायेगा। लोड बांटने के लिए अलग से ट्रांसफार्मर विभिन्न मुहल्लों में लगाये जायेंगे।

# जमीन घोटाला: मूल रैयत राजकुमार की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 15 जून को

**लटक रही है गिरफ्तारी की तलवार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमीन घोटाला मामला मे विवादित बड़गाई अंचल के अधीन 8.86 जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई अब 15 जून को होगी। मामले में पूर्व में दोनों पक्षों की ओर से बहस हुई थी। इडी ने इस मामले में राजकुमार पाहन को भी आरोपी बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। इडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने समन जारी किया है। इसके बाद उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए राजकुमार पाहन ने 1 मई को पीएमएलए की विशेष कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। दरअसल, बड़गाई अंचल के अधीन 8.86 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा से यह मामला जुड़ा है। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। मामले में 30 मार्च को इडी ने हेमंत सोरेन समेत 5 के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बड़गाई अंचल के निलंबित उप राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन, आर्किटेक्ट विनोद सिंह और हिलिरियस कच्छप के नाम शामिल हैं। आरोप पत्र दाखिल होने के कुछ दिन बाद ही मामले के एक आरोपी हिलिरियस कच्छप की मौत हो गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

1 Channel

Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 36.6 °C | 26.5 °C |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.28 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.03 बजे |



## महत्वपूर्ण खबरें

### सलाद सजावट प्रतियोगिता का आयोजन, रिचा को प्रथम स्थान



रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय महिला परिषद क्षितिज संस्था की ओर से महिला क्लब अशोक नगर में सलाद सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रिचा दास, द्वितीय पुरस्कार इंदु तिवारी और तृतीय पुरस्कार नीता सिन्हा को मिला। यह जानकारी संस्था की अध्यक्ष ऊषा प्रसाद ने दी।

### स्व. देवराज उरांव मेमोरियल वुडबॉल प्रतियोगिता, 30 खिलाड़ी हुए शामिल



रांची (आजाद सिपाही)। जयपाल सिंह स्टेडियम में रांची जिला वूडबॉल संघ की ओर से सोमवार को स्व देवराज उरांव मेमोरियल टूर्नामेंट हुआ। इसमें 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मौके पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालय पिठोरिया की संचालिका बीके राजमती, झारखंड राज्य वूडबॉल संघ के अध्यक्ष राजकुमार पोद्दार उपस्थित थे। विजेता और उप विजेता बने खिलाड़ियों को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर भाजपा खेल प्रकोष्ठ महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, संघ के सचिव गोविंद झा, दीपक वर्मा, अंश वर्मा, बीके ज्योति, बीके प्रकाश समेत अन्य उपस्थित थे।

### आरसीबी के खिलाड़ी ने मत्था टेका



रांची (आजाद सिपाही)। रायल चेलेंजर बेंगलौर के खिलाड़ी स्वप्निल सिंह ने बाबा के दरबार में सोमवार को मत्था टेका। स्वप्निल सिंह मनोहर केडिया के दामाद हैं।

### बीएयू के डॉ शैलेश शोध सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत



रांची (आजाद सिपाही)। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ शैलेश चट्टोपाध्याय को भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की संस्था केंद्रीय रेशम उत्पादन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान पश्चिम बंगाल की शोध सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। डॉ चट्टोपाध्याय बीएयू के वानिकी संकाय में फॉरेस्ट बायोलॉजी के प्रोफेसर सह मुख्य वैज्ञानिक हैं।

### हाइकोर्ट के जज ने सुरेश्वर महादेव मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना की



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के जज एसएन पाठक ने रांची के चुटिया स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर में सपरिवार पूजा अर्चना की। इससे पहले एसएन पाठक के मंदिर पहुंचने पर मंदिर के मुख्य पुजारी सच्चिदानंद पाठक ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। वहीं मंदिर समिति की ओर से जस्टिस एसएन पाठक और उनकी पत्नी को सम्मानित भी किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू, संतोष कुमार, कृष्णा साहू, नरेंद्र साहू, नंदु ठाकुर, दशरथ सिंह, रंजीत राम, रोहित सिंह, रामशरण विश्कर्मा, राहुल सुमित, संजू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### आइटीआइ से रिटायर प्राचार्य पर होगी कार्रवाई

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने सेवानिवृत्त प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रांची मो जियाउर रसीद के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है। उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच रिटायर आइएएस अधिकारी गणेश कुमार करेंगे। वहीं आइटीआइ धनबाद के प्राचार्य अंजू अग्रवाल को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। दरअसल, यह बात सामने आयी कि 2023 में मंडल आइटीआइ रांची में सामग्री की खरीद में स्थापित नियमों का पालन नहीं किया गया। आरोप प्रथम दृष्टया सही पाया गया। मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया और उनके ऊपर श्रम प्रशिक्षण एवं नियोजन विभाग ने कार्रवाई का फैसला लिया।

### चुनाव के बाद प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना को मिलेगी गति

रांची (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से अब तक झारखंड में 3486 आवास का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। मेदिनीनगर, बड़कीसरैया, चाइबासा शहरी निकाय में सर्वाधिक आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। स्थिति यह है कि कई लाभुक पहली किस्त की राशि लेने के बाद भी काम प्रारंभ नहीं कराये हैं। इनसे बार-बार संपर्क करने की कोशिश की जा रही है, पर वे आवास निर्माण में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। नगर विकास विभाग ऐसे नॉन स्टार्टर लाभुकों से अब आवास वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर रहा है। पहले इन्हें आवास निर्माण की चेतावनी दी जायेगी। इसके बावजूद अगर काम प्रारंभ नहीं कराये, तो इनके स्वीकृत आवासों को वापस रद्द कर दिया जायेगा। नगर विकास विभाग ने ऐसे सारे नगर निकायों को पत्र लिखकर आवास के काम में तेजी लाने को कहा है कि बेघरों को पक्का मकान समय पर मिल सके।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी मिथुन महतो के मामले में पॉक्सो की विशेष अदालत ने 10 साल की सजा सुनायी है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। राशि नहीं देने पर उसे 6 माह की साधारण सजा भुगतनी होगी। पूर्व में कोर्ट ने मिथुन महतो को दोषी करार दिया था। बता दें कि आरोपी मिथुन और नाबालिग पीड़िता दोनों एक मिठाई के दुकान में काम करते थे। इसी दौरान दोनों में दोस्ती हुई थी। इसके बाद आरोपी ने नाबालिग से शारीरिक संबंध बनाया था। पीड़िता के परिजनों को इसकी जानकारी तब हुई, जब वह गर्भवती हो गयी। मामले को लेकर नगड़ी थाना में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। इसके बाद 19 फरवरी 2023 को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसी समय से वह जेल में बंद है। ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष ने 7 गवाह पेश किया था।

# हेमंत सोरेन ने हाइकोर्ट से मांगी जमानत, सुनवाई आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाइकोर्ट से जमानत की गुहार लगायी है। उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाइकोर्ट में नियमित जमानत याचिका दाखिल की है।

साथ ही हेमंत सोरेन के अधिवक्ता ने मेंशन मेमो के माध्यम से हाइकोर्ट से यह आग्रह किया है कि हेमंत की जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई की जाये। इसके बाद अदालत ने उनके आग्रह को स्वीकार कर लिया और सुनवाई के लिए 28 मई की तारीख तय की। बता दें कि हेमंत सोरेन ने पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट से अपनी जमानत याचिका वापस ले ली थी, जिसके बाद अब उन्होंने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इडी ने मनी लांड्रिंग मामले में 31 जनवरी की रात को हेमंत सोरेन को इस्तीफा देने के बाद गिरफ्तार किया था। वहीं इसी केस में अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद की भी गिरफ्तारी हो चुकी है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी।
- **वृष** — पढ़ाई-लिखाई और चिंतन-मनन में रूचि बढ़ेगी, आशाएं बलवती होंगी।
- **मिथुन** — रोजगार की दिशा में कार्यों की अधिकता रहेगी, आर्थिक प्रयोजन सिद्ध होंगे।
- **कर्क** — अध्ययन, अध्यवसाय, भाषण-प्रवचन के कार्य में रूचि बढ़ेगी, व्यापार-व्यवसाय में सफलता।
- **सिंह** — आमदनी होने पर भी बचत की कमी दिखायी देगी, सफलता की ओर अग्रसर होंगे।
- **कन्या** — सरकारी उच्चाधिकारियों पर आपकी प्रभाव शक्ति बढ़ेगी, नयी आशाओं का उदय होगा।
- **तुला** — परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे. आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।
- **वृश्चिक** — बुद्धि-कौशल से हर जगह प्रशंसा प्राप्त करेंगे, चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी।
- **धनु** — शुभ-समाचार की प्राप्ति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **मकर** — रहन-सहन, भोजन-शयन तथा निवास स्थान का उत्तम सुख मिलेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि।
- **कुंभ** — स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा,आमदनी में वृद्धि होगी नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा।
- **मीन** — अपने काम के प्रति ही समर्पित रहें, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

# बरवाडीह में भाभी के लिए पत्नी की हत्या प्रेमिका के साथ युवक भी हुआ गिरफ्तार

**प्रेम प्रसंग में पति और भाभी ने ही हत्या की थी : अंजनी अंजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार/ बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहार थाना क्षेत्र के गुआ गांव में मुनीता देवी हत्या कांड मामले में मृतक मुनीता देवी के पति मनरूप सिंह और मृतक की गोतनी कलावती देवी उर्फ सुनैना देवी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। सोमवार को लातेहार में प्रेस वार्ता के दौरान एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि छिपादोहार थाना क्षेत्र के गुआ गांव मे पिछले दिनों मनीता देवी की हत्या कर फांसी का रूप दिखाया गया था।

एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा छापेमारी कर मृतिका मुनीता के पति मनरूप सिंह कड़ाई से पूछताछ की गयी तो अपनी पत्नी की हत्या करने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा कि हत्याकांड में मृतक मुनीता देवी के पति मनरूप सिंह और मृतक की गोतनी कलावती देवी उर्फ सुनैना देवी ने दोनों मिलकर दुपट्टा से गला घोट कर हत्या कर दिया और उसी दुपट्टा को फंदा बनाकर घर के पटवट मे टांग कर फांसी लगाने का रूप दे दिया। उन्होंने बताया कि मृतक मनीता के पति मनरूप सिंह और कलावती देवी (दोनों देवर भाभी हैं) में पिछले दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतिका मुनीता ने अपने पति मनरूप सिंह और कलवाती देवी को कई बार आपत्तिजनक स्थिति मे देख लिया था और उसका विरोध करती थी। जिस कारण मृतिका के पति अपने भाभी के साथ प्रेम प्रसंग मे रोड़ा बन रही पत्नी को रास्ते से हटाने की योजना बना कर हत्या कर दिया। अभियुक्त मनरूप सिंह और कलावती देवी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। वही पुलिस ने हत्या में उपयोग मे लाये हरा रंग का एक खून लगा दुपट्टा बरामद दिया है। छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक धीरज कुमार सिंह, सहायक अवर निरीक्षक राजेश कुमार और आइआर बी-01, और सैट- 143 शस्त्र बल मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में पांच घायल

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू-खलारी मुख्य सड़क मार्ग पालू पंचायत के तेतरियाताड़ में ऑटो और बाइक की टक्कर में पांच लोग घायल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बिंजा भवानी गांव जा रहे ऑटो और बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें अजय कुमार (18), रंजीत कुमार (17 ), प्रिया कुमारी (16 ), राजकुमार (6), सुमंती कुमारी (19 ) घायल हो गये।

# आज बारिश के आसार दिनभर छाये रहेंगे बादल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 28 मई के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि 28 मई को निकटवर्ती मध्य हिस्से और उत्तर पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके बाद अगले दो दिनों तक आसमान साफ रहेगा। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में कहीं-कहीं मेघगर्जन और आंधी के साथ हल्की और मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 16.2 मिमी सिमडेगा के कुरडेग में रिकॉर्ड की गयी। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस सरायकेला का रहा, जबकि सबसे न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस रांची का रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची में अधिकतम 37.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## बोलेरो ने बाइक में पीछे से मारी टक्कर

# दो आइआरबी जवान समेत चार घायल

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ-टंडवा मार्ग पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के जरी गांव स्थित पेट्रोल पंप के समिप बीती रात एक बोलेरो गाड़ी ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में दो आइआरबी जवान समेत चार लोग घायल हो गये। घायलों में बालूमाथ थाना क्षेत्र के नगरा गांव निवासी बाइक चालक रामेश्वर साव के पुत्र रामदयाल साव और बालूमाथ रेलवे स्टेशन के पास पुलिस पिकेट पर तैनात आइआरबी जवान अमित हेरेंज पिता केनेथ हेरेंज, कुंदन कुमार भगत पिता रामानंद भगत और बालूमाथ थाना क्षेत्र के बसिया गांव का रहने वाला बोलेरो गाड़ी का चालक बिट्टू यादव घायल हो गये हैं। घायल बिट्टू यादव का इलाज निजी क्लिनिक में किया गया। जबकि शेष घायलों का इलाज बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. ध्रुव कुमार एवं डॉ. सुरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। घायलों में रामदयाल साव और आइआरबी जवान अमित हेरेंज की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। इस घटना में घायल रामदयाल साहू की हालत गंभीर बतायी जा रही है। इस बीच बालूमाथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की जांच शुरू हो गयी है। इस घटना के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने बालूमाथ-टंडवा मार्ग पर जारी गांव के पास सड़क जाम कर दिया है।

# लातेहार के डीएमओ सड़क हादसे में घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार सड़क दुर्घटना में जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी बुरी तरह घायल हो गये। उनका सदर अस्पताल लातेहार में प्राथमिक इलाज कर रांची रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार श्री सैफी सोमवार को शहर के बानपुर इलाके में खनिज पट्टा की जांच के लिए गये थे। अचानक उनके कार का अगला पहिया ब्लास्ट कर गया और कार एक दीवार से टकरा गयी। इसमें कार का ड्राइवर व डीएमओ गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं डॉक्टरों ने बताया कि हल्की चोट आयी है।

# ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने पर मंथन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनआरएचएम की बैठक में झारखंड की ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने पर बल दिया गया। आइपीएच सभागार नामकुम में निदेशक प्रमुख डॉ सीके शाही और डॉ बीरेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गयी। इसमें छोटानागपुर प्रमंडल के विभिन्न जिलों के सिटी अर्बन हेल्थ मैनेजर, जिला पब्लिक हेल्थ मैनेजर ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। निदेशक प्रमुख ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चल रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य जनसामान्य के स्वास्थ्य को सुधारना और उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच प्रदान करना है। वर्ष 2024-25 के बजट में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अंतर्गत मुख्य कार्यक्रमात्मक घटकों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करना शामिल है। बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल की गयी हैं, जो जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गयी हैं। इस अवसर पर डॉ आरएन शर्मा, अवनी प्रसाद, एनिमा किस्कू, अकाई मिंज, रफत फरजाना, सूचंद्रा पांडा, गुंजन खलखो समेत अन्य मौजूद थे।

# होटल में शराब पीने से मना करने पर संचालक का सिर फोड़ा

**केस वापस नही लेने पर तानी रिवॉल्वर, जांच में जुटी पुलिस**

**दूसरे पक्ष ने होटल संचालक पर लगाया मारपीट का आरोप, मामला दर्ज**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** पतरातू बस्ती निवासी गणेश सिंह के पुत्र अमन सिंह और आदित्य सिंह के साथ बंगाली टोला निवासी अंकित यादव सहित चार पांच युवकों पर होटल में शराब पीने से मना करने पर होटल संचालक सुजीत कुमार के ऊपर कोल्ड ड्रिंक के बोतल से उसके सिर पर वार कर घायल करने का आरोप लगा है। साथ ही कांकेबार निवासी योगेंद्र महतो जब बीच बचाव में आया तो उसके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में रामगढ़ थाना में कोठार निवासी सुजीत कुमार पिता चेतलाल महतो ने इन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इधर पुलिस में कांड संख्या 148/24 धारा 147/ 148/ 149/ 341/ 323/ 324/ 427/ 379/ 506 के तहत मामला दर्ज कर नामजद आरोपितों के खिलाफ छापामारी शुरू कर दी है।

**केस करने पर जान से मारने की धमकी:** रामगढ़ थाना में सुजीत कुमार द्वारा दिये गये आवेदन में कहा है कि इलाज करने के बाद जब मैं रामगढ़ थाना पहुंच कर मामला दर्ज कर रात्रि में अपने होटल जा रहा था तो कोठार ओवर ब्रिज के ऊपर एक काला रंग का स्कॉर्पियो में अंकित और अमन सिंह अपने सहयोगियों के साथ मेरे बुलेट मोटरसाइकिल को ओवरटेक कर हाथ में पिस्तौल लहराते हुए मेरे ऊपर तान दिया। इसी बीच पीछे से मेरे बड़े भाई सुरेश महतो आवाज दिये तो वे लोग पटेल चौक की ओर भाग गया। इसके बाद पुनः वाले लोग वापस घुमा कर मेरे ऊपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया और धमकी दिया कि तुम होटल चलाया तो जान से मार देंगे।

**दूसरे पक्ष में भी कराया मामला दर्ज:** मामले में बंगाली टोला निवासी अमन राज पिता कृष्णा यादव ने सुजीत होटल के संचालक सुजीत कुमार पर भी मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस मामले में रामगढ़ थाना पुलिस ने कांड संख्या 149/24 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

**कैथा और कोठार के ग्रामीणों में आक्रोश:** घटना के बाद कैथा और कोठार के ग्रामीणों में इन लोगों के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। सोमवार को छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, कोठार के मुखिया प्रतिनिधि सुरेश महतो सहित अन्य ग्रामीणों ने रामगढ़ थाना पहुंचकर इन लोगों की गिरफ्तारी की मांग किया। मामले में रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अजय कुमार साहू ने आश्वासन दिया कि जल्दी इन लोगों को गिरफ्तार किया जायेगा।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार रविवार को समय करीब 8:00 बजे पतरातू बस्ती निवासी अमन सिंह, आदित्य सिंह और बंगाली टोला निवासी अंकित यादव एवं अन्य चार पांच युवकों ने फोरलेन स्थित सरना स्कूल के निकट सुजीत होटल में शराब और मीट लेकर आये और कहा कि इसे बना दो, इस पर होटल संचालक सुजीत कुमार ने कहा कि यहां शराब पीना माना है। इसी बात पर अमन सिंह और उनके साथ आये सभी युवक गुस्से में आ गये और गाली-गलौज करते हुए कोल्ड ड्रिंक के बोतल से सुजीत पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे सुजीत का सिर फट गया। इसी बीच होटल में खा रहा योगेंद्र महतो बीच बचाव करने पहुंचा तो उस पर भी हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। इस दौरान होटल में बिक्री के 5 हजार रुपया और एक मोबाइल इन लोगों ने लेकर भाग गया। इधर घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस में घायल सुजीत और योगेंद्र को सदर अस्पताल ले गयी जहां इसका प्राथमिक उपचार किया गया।


## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 2408 Dated 22.05.2024 I, Ramjan Ansari S/o- Murtuja Ansari, aged about 28 years, by faith Muslim, Resident of Address Ara Dumarbera Near Masjid Ara, P.O.- Sarubera, P.S- Mandu, Dist- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly declare as under:- 1. That my actual and correct name is **Ramjan Ansari** which has been mentioned in my Aadhar Card bearing Aadhar No-7455 2559 4618, and PAN Card bearing PAN No. COFPA7453G. 2. That I was previously known with same name as mentioned in my Bank Passbook Bearing **A/c no. 486910110002921** at Bank of India Sarubera Branch, but now I have changed the name/spelling in all my OVD's (Aadhar, PAN, Voter id, Passport, Driving License, and from future I will be known with the same name/spelling as mentioned in my Aadhar, PAN, Voter id, Passport, Driving License and I will not change my name again and if there persists any discrepancy/fraud due to name/spelling change I will be solemnly responsible for the same, and Bank does not stands for any Liability in name change. 3. That **Ramjan Ansari** and **Md. Ramjan Ansari** both name are same and single person i.e., Myself. 4. That this affidavit is meant/required for the authority concerned at Bank for name change in my Account.

# नियम-कानूनों की अवहेलना

गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें अभी ठीक से बुझी भी नहीं थीं कि शनिवार देर रात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगने की खबर आ गयी। दोनों ही घटनाओं में हताहत होने वालों में ज्यादातर छोटे बच्चे हैं। निश्चित रूप से ये हादसे हैं, लेकिन जिस तरह के हालात में ये घटनाएं हुईं, वे बताती हैं कि मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू को अनदेखा नहीं किया जा सकता। यही वजह है कि दोनों ही मामलों में तत्काल जांच के आदेश दे दिये गये। मगर आम तौर पर ऐसे आदेश घटना से उपजे असुविधाजनक सवालों की ओर से लोगों का ध्यान हटाने भर का काम करते हैं। जांच पूरी होने तक मामला ठंडा हो चुका होता है और फिर इस बात की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता कि रिपोर्ट का क्या निष्कर्ष रहा और उस पर किस तरह की कार्रवाई हुई। इन दोनों मामलों में शुरुआती सूचनाएं ही संदेह का पुख्ता आधार प्रदान कर रही हैं। मसलन, यह बताया गया कि राजकोट के प्राइवेट एम्यूजमेंट पार्क में चल रहे गेमिंग जोन को फायर एनओसी नहीं मिला था। इसके बावजूद यह गेमिंग जोन धड़ल्ले से चल रहा था, बड़ी संख्या में बच्चे यहां महंगे टिकर लेकर आ रहे थे और अगर आग लगने की यह घटना न होती तो पता नहीं कब तक सब कुछ ऐसे ही चलता रहता। क्या स्थानीय प्रशासन को इस बात का अंदाजा नहीं होना चाहिए कि उसके कार्यक्षेत्र में किस तरह के व्यवसाय कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए चलाए जा रहे हैं? दिल्ली वाली घटना में आग लगने की वजहों का पता लगाने की कोशिश हो रही है। फिलहाल स्वाभाविक ही प्रशासन की प्राथमिकता घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने पर है। लेकिन राजधानी में प्राइवेट संस्थानों में आग लगने और बेकसूर लोगों के मारे जाने की घटनाएं कोई नयी या चौंकाने वाली बात नहीं है। कभी कोई फैक्ट्री इस वजह से सुर्खियों में आती है, तो कभी कोचिंग संस्थान। घटना के बाद पता चलता है कि वे संस्थान तमाम कानूनी प्रक्रियाओं को ताक पर रखते हुए चलाये जा रहे थे। यह स्थिति स्वीकार नहीं की जा सकती। हालांकि रातोंरात इसे बदला नहीं जा सकता। न तो घने बसे इलाकों में पहले से बनी इमारतों की संरचना एक झटके में बदली जा सकती है और न ही यहां चल रही व्यावसायिक गतिविधियां पूरी तरह बैन की जा सकती हैं। इनसे हजारों लोगों की आजीविका भी जुड़ी हुई है। मगर नियम-कानूनों को हलके में लेने की आदत सही नहीं मानी जा सकती। न ही इन्हें लागू करने में किसी तरह का भेदभाव बर्दाश्त किया जाना चाहिए।

**दिल्ली वाली घटना में आग लगने की वजहों का पता लगाने की कोशिश हो रही है। फिलहाल स्वाभाविक ही प्रशासन की प्राथमिकता घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने पर है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना 17 फरवरी 2023 को (झारखंड सरकार के अधिनियम-06, 2023) के अंतर्गत हुआ है और यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 धारा 2 (एफ) एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह विश्वविद्यालय 100 एकड़ से अधिक क्षेत्रों में फैला हुआ है। इसमें स्नातक, स्नाकोत्तर एवं रिसर्च की विभिन्न पाठ्यक्रमों को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में पढाई हो रही है।**

# कीर्तिमान स्थापित कर रहा है बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय



**प्रो एमके सिंह**

स्वस्थ्य, चिकित्सा एवं उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 18 वर्षो से संचालित वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट एवं इसके अंतर्गत स्थापित बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, फरठिया, गढ़वा पलामू प्रमंडल सहित पूरे झारखंड प्रांत में अपने उत्कृष्ट गुणात्मक शिक्षा एवं प्रशिक्षण के माध्यम से अपना एक कीर्तिमान स्थापित किया है। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना 17 फरवरी 2023 को (झारखंड सरकार के अधिनियम-06, 2023) के अंतर्गत हुआ है और यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 धारा 2 (एफ) एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह विश्वविद्यालय 100 एकड़ से अधिक क्षेत्रो में फैला हुआ है। इसमें स्नातक, स्नाकोत्तर एवं रिसर्च की विभिन्न पाठ्यक्रमों को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में पढाई हो रही है। इसमें देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल के अंतर्गत बैचलर ऑफ होम्योपैथिक, मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएचएमएस) और डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (होमियोपैथी) (एमडी होमियोपैथी) के साथ साथ बीएससी मेडिकल (माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, फार्माकोलॉजी, फिजियोलॉजी, एनाटोमी एवं मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी), वनांचल डेंटल कॉलेज तथा अस्पताल के अंतर्गत बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस), मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी (एमडीएस), दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के अंतर्गत बैचलर ऑफ एजुकेशन और डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड), वनांचल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के अंतर्गत बीएससी नर्सिंग, एएनएम, जीएनएम, वनांचल कॉलेज ऑफ साइंस के अंतर्गत बीएससी एमएलटी, बी फार्मा, डी फार्मा तथा वनांचल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च के अंतर्गत पैरा मेडिकल, जिसमें डीएमएलटी, ओटीटी, एक्स-रे टेकनीशियन, इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफी (इसीजी), ड्रेसर संचालित हो रहा है। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में नये पाठ्यक्रम की पढाई प्रारंभ की जा रही है, जिसमें बीटेक में सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (साइबर सुरक्षा), कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस), डिप्लोमा एन इंजीनियरिंग में सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियर, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, लाइब्रेरी साइंस में बैचलर और लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस तथा मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस, प्रबंधन में एमबीए एवं बीबीए, सूचना प्रौद्योगिकी में एमसीए एवं बीसीए का संचालन अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीआइ) की अनुमति उपरांत की जा रही है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024 से आइटीआइ कोर्स के अंतर्गत ड्राफ्टमैन सिविल, फिटर, वेल्डर, टर्नर, इलेक्ट्रीशियन, हॉस्पिटल हाउस कीपिंग, मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल, फैशन डिजाइनिंग और कंप्यूटर ऑपरेशन और प्रोग्रामिंग भी शामिल है। गढ़वा जिले के लिए यह काफी हर्ष का विषय है कि होम्योपैथिक एंड डेंटल साइंस में स्नाकोत्तर स्तर, जिसमें एमडी (होमियोपैथी) एवं एमडीएस की पढाई यहां से हो रही है, जो झारखंड प्रदेश में कही नहीं है। साथ में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के प्लेसमेंट सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में हो रहा है। डेंटल साइंस में एमडीएस एवं होम्योपैथिक से एमडी (होमियोपैथी) विषयों के उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं द्वारा झारखंड सहित अन्य राज्यों में अपना निजी क्लीनिक स्थापित कर दंत चिकित्सा एवं होम्योपैथिक क्षेत्र में गत कई वर्षो से एक अच्छे दंत विशेषज्ञ एवं होम्योपैथिक चिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

**बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना के समय से विश्वविद्यालय का विकास निरंतर हो रहा है।**

बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना के समय से विश्वविद्यालय का विकास निरंतर हो रहा है। इस विश्वविद्यालय के प्रथम एवं संस्थापक कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एमके सिंह ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले वर्षों में विश्वविद्यालय में नयी शिक्षा नीति 2020 एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा अनुमोदित ऐसे सभी पाठ्यक्रमों को संचालित करेगा, जिसमें झारखंड प्रदेश के छात्र/ छात्राओं सहित अन्य राज्यों के भी छात्र/छात्राएं भी लाभान्वित होंगी। साथ ही विश्वविद्यालय में छात्र का सर्वांगीण विकास के लिए तथा नये-नये शोध एवं शोध पत्रिकाओं का प्रकाशन के अतिरिक्त खेलकूद पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। आगामी शैक्षणिक सत्रों में वाणिज्य, कानून (लॉ), सामाजिक विज्ञान, योगा एवं एमबीबीएस पाठ्यक्रमों को भी प्रारंभ किया जायेगा। साथ ही छात्र-छात्राओं को भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप एवं संस्कारयुक्त शिक्षण एवं प्रशिक्षण के साथ शिक्षा प्रदान की जायेगी।

विश्वविद्यालय परिसर में इन सभी पाठ्यक्रमों को संचालित करने के लिए 100 एकड़ से अधिक हरे भरे परिसर में पहले से ही आधारभूत संरचना उपलब्ध है। जिसके निगरानी के लिए 24 X 7 सीसीटीवी कैमरा, छात्र-छात्राओं को परिसर में रहने के लिए छात्रावास की व्यवस्था, 500 सीटों की बैठने वाले सुसज्जित सभागार, परिवहन के लिए बस की सुविधाएं, कैंटीन, जर्नल स्टोर, सुसज्जित अतिथि गृह, आधुनिक प्रयोगशाला, केंद्रीय पुस्तकालय, कैंपस में वाईफाई की सुविधाएं के साथ साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2022 क्रियान्वयन के लिए अनुभवी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी है। विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में गुणात्मक शिक्षा, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम एवं योग्य कुशल शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के बहुमूल्य योगदान से बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा, झारखंड राष्ट्रीय स्तर पर अपनी नयी पहचान बना रही है।

**(लेखक बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा के कुलपति हैं।)**




**वश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में गुणात्मक शिक्षा, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम एवं योग्य कुशल शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के बहुमूल्य योगदान से बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा, झारखंड राष्ट्रीय स्तर पर अपनी नयी पहचान बना रही है।**

## जमशेदपुर की खबरें

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बेहतर मतदान प्रतिशत की प्रशंसा की, मतदाताओं का जताया आभार

**छठे चरण के चार लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा जमशदेपुर में मतदान, नए मतदाता जोड़े, स्वीप कार्यक्रम का दिखा असर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 में 09-जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाई। सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने मतदान पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा उमस गर्मी में भी ईवीएम से लगभग 68% मतदान होना पूरे जिलावासीओ के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा पोस्टल बैलेट में भी लगभग 97% लोगों ने मतदान किया। वही होम वोटिंग में लगभग शत प्रतिशत मतदान हुआ है। सभी को जोड़ने से आंकडा 70% के करीब रहेगा। जो पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान बीते 2019 के चुनाव से 1,65,999 नए मतदाता जोड़े गए। उन्होने पूरे चुनावी प्रक्रिया में बेहतर सामंजस्य व सहयोग के लिए सभी सहायकों,कर्मचारियों, लिपिक से लेकर ब्लॉक, अनुमंडल,वरीय अधिकारियों सहित सभी मतदाताओ को बधाई दी। उन्होंने कहा सभी मुख्य चौक चौराहों पर जिला प्रशासन द्वारा बनाये गए लोकतंत्र गीत को लोगों ने सुना, एक महापर्व का माहौल बनी रही। पूरे झारखंड में दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए सर्वाधिक 1100 से ज्यादा व्हील चेयर उपलब्ध कराये गए। शहरी क्षेत्र में 30+ थीम मे इसरो,विज्ञान, पीभीटीजी बूथ,मिट्टी व बांस की घड़ों, क्लीन एनर्जी, मंडप, मृदा संरक्षण, इन्द्रधनुष, भारतीय सेना, झारखंड जनजातीय संस्कृति, ईको फ्रेंडली बूथ विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा।




**योजनाबद्ध स्वीप के कार्यक्रम से बढ़ी मतदाताओं तक पहुंच**

स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कई स्तर पर प्रयास किया गया।बीएलओ ने घर-घर मतदाता सूचना पर्ची वितरण कर भी मतदान के लिए प्रोत्साहित किया।स्कूलों में अभिभावक व शिक्षक संवाद,ग्राम सभा, स्कूली बच्चों के बीच मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधि आयोजित की गई। छठे चरण में लोकसभा चुनाव झारखंड के 04 लोकसभा क्षेत्र (धनबाद, गिरिडीह, जमेशदपुर और रांची) में सबसे ज्यादा मतदान कुल 67.68 प्रतिशत जमशेदपुर का रहा है। मतदान प्रतिशत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में भी बढ़ा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बेहतर मतदान प्रतिशत पर की प्रशंसा करते हुए सभी मतदाताओं का आभार जताया।

# मऊभंडार के सदस्यों की ओर से लगातार तीसरे वर्ष श्री श्याम वार्षिक महोत्सव का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** श्री श्याम परिवार मऊभंडार के सदस्यों की ओर से लगातार तीसरे वर्ष श्री श्याम वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया जिसकी शुरूआत सोमवार को बाबा के निशान यात्रा से हुई। श्री श्याम परिवार के सदस्यों ने शिव मंदिर मऊभण्डार से दाहिगोड़ा सर्कस मैदान तक सोमवार की शाम पूरे उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ श्याम बाबा का निशान यात्रा निकाला। सैकड़ों की संख्या में श्री श्याम परिवार की महिलाएं-पुरुष एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा धारण किए हाथों में बाबा श्याम का निशान लेकर चल रहे थे। भव्य निशान यात्रा के सबसे आगे बाबा श्याम की खूबसूरत पालकी और इसके पीछे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु बाबा श्याम के भजनों में झूमते हुए चल रहे थे। श्याम भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। गीत-संगीत की धुन पर श्याम भक्तों ने रास्ते पर खूब नाच-गान किया। दाहिगोड़ा सर्कस मैदान स्थित श्याम दरबार पहुंचकर निशान यात्रा सम्पन्न हुई। सभी भक्तों ने बाबा श्याम को निशान अर्पित कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना किया तथा प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्याम महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को अखण्ड ज्योत, श्रृंगार दर्शन, भजन संध्या, छप्पन भोग एवं प्रसाद वितरण का आयोजन होगा।



# सोनारी एमबी ज्वेलर्स डकैती कांड को लेकर जमशेदपुर के एसएसपी से मिले विजय आनंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सोनारी थाना अंतर्गत ऐरोड्रम बाजार के पास स्थित एमबी ज्वेलर्स में तीन अपराधियों ने लूटकांड की घटना को अंजाम दिया था। लोकतंत्र के महापर्व के बीच पुलिस को चुनौती देते हुए दिनदहाड़े अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया था। सोमवार को सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं जमशेदपुर ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जमशेदपुर के एसएसपी (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पूर्वी सिंहभूम) किशोर कौशल से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात कर उनसे यथाशीघ्र अपराधियों को पकड़ने एवं माल बरामदगी, लूट की घटना का उद्भेन करने की मांग की। सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि चुनावी माहौल के बीच इतने बड़े घटना को अंजाम देना पुलिस को बड़ी चुनौती देने का काम अपराधियों द्वारा किया गया है। उन्होंने एसएसपी से जल्द इस संदर्भ में घटना का उदभेदन करने एवं बाजारों में पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग रखी। एसएसपी किशोर कौशल में उपस्थित प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जिला पुलिस अपराधियों को पकड़ने में लगी हुई है। कई संदिग्ध मोबाइल नंबरों के आधार पर बदमाशों के लोकेशन का पता लगाया जा रहा. एक टीम का गठन करके आरोपियों के तलाश में उन्हें बिहार रवाना कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर जिला पुलिस गंभीर है। जल्द ही लूटकांड का उदभेदन कर शामिल लोगो को जेल के सलाखों के पीछे भेजा जाएगा और उन्होंने आशा जताया कि जल्द ही जिला प्रशासन माल भी बरामदगी करेगी।



# मॉल कर्मी का अपहरण कर सिर मुंडवाया पीड़ित के परिजनों ने मॉल पहुंच किया हंगामा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर के एक मॉल के कर्मी का अपहरण कर सिर मुंडवाने, मारपीट करने व रंगदारी मांगने का घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित युवक के परिवार वालों ने मॉल पहुंच करके हंगामा किया। मॉल के मेन गेट को बंद करने की कोशिश की। बिष्टुपुर पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत कराया। साथ ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। सूचना के मुताबिक घटना रविवार दोपहर की है। पीड़ित युवक मो साहिल और आरोपी रवि कुमार यादव एक ही मॉल में काम करते है। बीते दिनों साहिल ने रवि को ड्यूटी के दौरान किसी युवती के साथ देख लिया और इसकी शिकायत मॉल प्रबंधन से कर दी। शिकायत पर मॉल प्रबंधन ने रवि के खिलाफ कार्रवाई की थी। साहिल की शिकायत से नाराज होकर रवि ने अपने एक दोस्त के साथ रविवार को मॉल से ही साहिल का अपहरण कर लिया। उसे लेकर सभी बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के घाघीडीह मैदान के पास पहुंचे। वहां पर रवि ने साहिल के साथ मारपीट की और रंगदारी मांगी। फिर साहिल का सिर मुंडवाकर उसे जुगसलाई में छोड़ दिया. जब इसकी जानकारी साहिल के परिजनों को मिली तो सभी मॉल पहुंच गए और आरोपी रवि पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। एक घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने कार्रवाइ करते हुए रवि को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद लोग शांत हुए। पुलिस ने साहिल के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर रवि को जेल भेज दिया।



# मायुमं की टाटानगर अचीवर्स शाखा ने दो स्थानों पर की अस्थायी अमृतधारा की स्थापना



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच की टाटानगर अचीवर्स शाखा की ओर से सोमवार, 27 मई को काशीडीह स्थित बालाजी प्लाइवुड के बाहर वर्ष 2024-25 की छठी और साकची गोलचक्कर के पास ऑटो स्टैंड स्थित साईं मंदिर में सातवीं अस्थाई अमृतधारा की स्थापना की गयी। स्व बाबूलाल सरायवाला, स्व अनिल अग्रवाल, और स्व राजकुमार लाठ की पुण्य स्मृति में उनके परिजनों की ओर से और सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री के पूर्व अध्यक्ष उमेश कांवटिया के सौजन्य से उक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष अंशुल रिंगसिया, सचिव विजय सोनी, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, मेघा चौधरी, प्रणय अग्रवाल आदि ने अहम भूमिका निभाइ।

## साहित्यकार राजीव भारद्वाज और पत्रकार लव दुबे सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** साहित्यकार राजीव भारद्वाज और पत्रकार लव दुबे को 25 मई 2024 को ग्लोबल इंटरनेशनल फाउंडेशन और राष्ट्रभाषा हिंदी सेवा के संघ के माध्यम से डॉक्टररेट उपाधि प्रदान की गयी।

यह उपाधि उन्हें उनके हिंदी के क्षेत्र में किये गये कार्य और राजभाषा हिंदी के तकनीकी और वैज्ञानिक शब्दों के अन्वेषण और भारतीय भाषाओं के लिए किये जा रहे समाज कार्य के लिए है।

भारतीय भाषाओं में प्रचार-प्रसार में सोशल मिडिया के माध्यम से जनजागृति की है। विज्ञान प्रचार-प्रसार, राजभाषा हिंदी, राष्ट्रभाषा हिन्दी, शब्द अनुसंधान, मायबोली, नारी शक्ति, हिंदी व्यंग आदि पर व्यापक प्रसार में महती भूमिका पर प्रदान की गयी है।

उनकी इस सेवा और कार्य को देखते हुए ग्लोबल इंटरनेशनल युनिवर्सिटी से डॉक्टरेट मानद उपाधि से अलंकृत किया है। 25 मई को हैदराबाद में इन्हें सम्मानित किया गया।

## लायंस विशाल ने शोक सभा का आयोजन कर दुर्घटना में मारे गये प्रशिक्षु डॉ को श्रद्धांजलि दी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के अध्यक्ष ला० डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजन क्लब कार्यालय गढ़वा में किया गया। अध्यक्ष डॉ कमलेश ने कहा कि हमारे क्लब के ला० वेंकटेश्वर नारायण के 28 वर्षीय पुत्र डॉ अभिषेक कुमार की एक्सीडेंट में अकास्मिक मृत्यु हो गयी, जो हम लोगों के साथ साथ गढ़वा पलामू के लिए एक बहुत बड़ी छति हुई। क्योंकि डॉ अभिषेक अपनी काबिलियत के बल पर बहुत कुछ करने की जज्बा लेकर चिकित्सक बने थे, लेकिन ईश्वर कि आगे किसी की भी नहीं चलती। आखिर में हम सब ने एक होनहार डॉ को खो दिया। आज हम सभी लायंस विशाल परिवार के नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। इसके साथ ही लायंस इंटरनेशनल के प्रोजेक्ट के तहत फुड फॉर हंगर कार्यक्रम में लायंस क्लब द्वारा गोद लिये हुए टीबी मरीजों के बिच हर महीने दी जाने वाली पौष्टिक आहार का वितरण भी किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में डॉ आर एन एस दिवाकर, डॉ यासीन अंसारी, डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, डॉ एन के रजक, डॉ यूएन बरनवाल, डॉ एस के विश्वकर्मा, डॉ अर्जुन विश्वकर्मा, सफदर अली खान, नन्दलाल प्रसाद, रघुवीर प्रसाद कश्यप, क्लब पीआरओ शौकत खान आदि उपस्थित थे।

## जन चेतना मंच के कोर कमेटी सदस्यों की बैठक संपन्न



गढ़वा (आजाद सिपाही)। सामाजिक संगठन जन चेतना मंच के कोर कमेटी सदस्यों की बैठक पवन कुमार केसरी की अध्यक्षता में नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में मंच के मुख्य संरक्षक सह भाजपा नेता सूरज गुप्ता उपस्थित थे। बैठक में कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया जबकि मुख्य अतिथि सूरज गुप्ता ने मंच द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि जन-जन के दुख-सुख का भागीदार यह मंच बने और पिछड़ा, दलित, आदिवासी तथा वंचित समाज में शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक चेतना जगाने में महती भूमिका निभाये ऐसी मेरी शुभकामना है। उन्होंने कहा कि गांव स्तर पर यह सामाजिक संगठन अच्छे और प्रभावशाली ढंग से काम करके गरीबों का दिल जीत सकता है। मंच के अध्यक्ष पवन कुमार केसरी ने कहा कि गैर राजनीतिक संगठन के रूप में यह मंच समाज के सभी वर्गों के बीच अपनी सार्वजनिक संगठन गतिविधियों से लंबी लकीर खींच कर सेवा भाव की भावना जागृत करेगी। बैठक में शामिल प्रमुख लोगों में के० के० मेहता, रामलाल भुईहर, मनोज गुप्ता, प्रदीप कुशवाहा, बाबूलाल यादव, संदीप, चंचल, संतोष, अरूण सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डीडीसी ने पंचायतवार योजनाओं की समीक्षा की



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को गढ़वा डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने पंचायतवार योजनाओं की समीक्षा बैठक की। जिसमें प्रखंड कर्मी के साथ साथ सभी पंचायत के मुखिया शामिल रहे। बैठक में मुख्य रूप से प्रधान मंत्री आवास, अबुआ आवास, मनरेगा योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी ली गयी। जिसमें कुछ योजनाओं में धीमी गति पर असंतोष जताया और संबंधित विभाग के लोगों को एक सप्ताह में कार्य को प्रगति पर लाने का निर्देश दिया। क्षेत्र में पानी की समस्या पर हो रहे नल जल योजना में सुस्ती के बारे में पूछे जाने पर बताया कि पीएचईडी विभाग इस पर अपना संबंधित एजेंसी से कार्य कर रही है, ऐसे जहां पानी की ज्यादा समस्या है, उन जगहों पर 15वें वित्त से हैंडपंप की मरम्मति कार्य के लिए बीडीओ को बोल दिया गया है, तथा जहां पानी की ज्यादा समस्या हो, वैसे जगहों पर टैंकर से पानी मुहैया कराने को बोल दिया गया है। डीडीसी से झगराखांड के समाजसेवी नित्यानंद पाठक ने आवेदन देकर क्षेत्र में पानी की समस्या के बारे में जानकारी देते हुए जलनल योजना में तेजी लाने और हैंडपंप की मरम्मति करने की मांग किया। इस पर डीडीसी ने बीडीओ को संबंधित मामले में जांच करने का आदेश दिया। इस मौके पर बीडीओ नंदजी राम, बीपीओ दयानंद प्रजापति सभी पंचायत के पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, मुखिया, उप मुखिया उपस्थित थे।04

## दाह संस्कार में बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह सहित अन्य लोग शामिल



रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा रंका महिला मोर्चा प्रखंड सचिव प्रियंका तिवारी के पुत्र के दाह संस्कार में बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह सहित कई नेता, कार्यकर्ता और गणमान्य लोग शामिल हुए और शोक संतप्त परिवार को दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया। इस मौके पर वरिष्ठ झामुमो नेता प्रकाश चंद्र पाठक उर्फ भंडुल, जिला युवा अध्यक्ष संजय सिंह छोटू, खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो रंका अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, रंका विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अग्निवीर में बहाली के लिए छात्रों को दी गयी जानकारी

**सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज मेंअग्निवीर वायु कार्यक्रमकी जानकारी एनसीसी के छात्र-छात्राओं को विस्तृत दी गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में सोमवार को अग्निवीर वायु कार्यक्रम के तहत इंडियन एयर फोर्स में म्युजिशियिन पद पर सेलेक्शन के लिए एनसीसी के छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी गयी।

इस संबंध में सार्जेंट प्रदीप सिंह, सार्जेंट हिमांशु कंडारी (दस एयरमैन सेलेक्शन सेंटर बिहटा) ने बताया कि अग्निवीर वायु अंतर्गत म्युजिशियिन पद पर सेलेक्शन किया जाना है। इसे लेकर आज इस महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। योग्य उम्मीदवार इंडियन एयर फोर्स के ऑफिसियल वेबसाईट पर जाकर ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते है। इंडियन एयर फोर्स की इस रैली में शामिल होने के लिए योग्य उम्मीदवारों को पहले ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन की तिथी 22 मई से 05 जून 2024 तक है। ऐसे में जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए आवेदन करना चाहते है, वह इसके अंतिम तिथि से पहले आवेदन कर ले। उन्होने बताया कि अग्निवीर वायु (म्यूजिशियन) पदों के लिए वहीं उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं जो अविवाहित हैं और उम्मीदवार ने किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 10वीं की परीक्षा में सफलता हासिल की हों। उम्मीदवारों को म्यूजिक की समझ होनी चाहिए। उम्मीदवारों को टेंपो, पिच और गायन में सटीकता के साथ संगीत में दक्षता होनी चाहिए। इसी के साथ उम्मीदवारों को वाद्ययंत्र का भी अच्छा ज्ञान होना चाहिए। इसी के साथ उम्मीदवारों को फ्लूटयनी बांसुरी/पिकोलो, ओबो, शहनाई आदि की समझ होनी चाहिए। इस मौके पर महाविद्यालय के एनसीसी के प्रभारी प्रो. धीरेंद्र कुमार मिश्रा भी उपस्थित थे।

# महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले : चेंबर अध्यक्ष





**चेंबर ऑफ कॉमर्स श्री बंशीधर नगर इकाई का फैंसी मैरेज गार्डेन में चेंबर महिला संगठन का सम्मेलन आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** चेंबर ऑफ कॉमर्स श्री बंशीधर नगर इकाई का फैंसी मैरेज गार्डेन में चेंबर महिला संगठन का सम्मेलन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संरक्षक राम प्रसाद, धर्मचंद्र लाल अग्रवाल, उदय जायसवाल, शमीम खान के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सम्मेलन में वैसे 10 महिलाएं जो आर्थिक स्थिति से कमजोर होते हुए भी अपनी व्यापार और सामाजिक कार्यों में अग्रसर रहतीं हैं, उन्हें चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा शाल तथा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद चेंबर महिला टीम का संगठित करने हेतु चेंबर महिला संयोजक, संगीता कुमारी तथा सह संयोजक लवली आनंद सहित 20 महिलाओं को संघटन में स्थान दिया गया। उक्त अवसर चेंबर अध्यक्ष शंभू सौदागर ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु यह कार्यक्रम आयोजित की गयी थी, ताकि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले। मंच का संचालन चेंबर उपाध्यक्ष ह्रदयानंद कमलापुरी ने किया। उक्त अवसर पर सचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, मानद सदस्य डॉक्टर धर्म चंद लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष उमेश कुमार, सह सचिव छोटू रंजन, कोषाध्यक्ष आनंद अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य, बिनोद कांस्य कार, दिलू चौबे, चंद्र प्रकाश, मिक्की जायसवाल, राजीव सोनी, रूपेश, राकेश, शालू, आनंद, रमेश कुमार, बिरेंद्र कुमार, बिरेंद्र सत्यम, गोपाल प्रसाद, अरुण सहित काफी संख्या में महिलाएं और व्यवसायी उपस्थित थे।

# शिवमंदिर की भूमि का सीमांकन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पोखरा यज्ञशाला के पास स्थित शिवमंदिर की भूमि की सोमवार को सीमांकन किया गया। पंचायत मुखिया विजय राम और बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार के नेतृत्व में खाता संख्या 155 प्लॉट संख्या 308 में स्थित शिव मंदिर की भूमि का मापी किया गया। मापी कर मंदिर की 18 डिसमिल जमीन को सार्वजनिक रूप से कब्जे में किया गया। सोमवार को यज्ञशाला के पास स्थित शिवमंदिर की अतिरिक्त भूमि की मापी किया गया। मापी कर 18 डिसमिल भूमि निकाला गया। हाल सर्वे में पंजी दो में शिव मंदिर के नाम पर 21 डिसमिल जमीन अंकित है, जबकि नक्शा 18 डिसमिल का ही काटा गया है। अतः नक्शा के आधार पर ही जमीन की मापी संपन्न हुआ। भूमि की मापी करते समय कांडी बाजार के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। मंदिर की भूमि की मापी कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम और बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार के प्रयास से संभव हुआ। मापी के पश्चात वहां उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में यह निर्णय लिया कि निकाली गयी उक्त भूमि पर चाहरदीवारी होना अति आवश्यक है, ताकि मंदिर की सुरक्षा बनी रहे और अन्य कार्यों को करने के लिए मंदिर परिसर में पर्याप्त जगह रहे। वहीं पंचायत के मुखिया ने पंचायत के सभी ग्रामीण जनता से आग्रह किया है कि बाउंड्री निर्माण कार्य में जो खर्च आये उसे सभी कोई मिलकर अपने हाथों पर उठा लें ताकि बाउंड्री निर्माण आसानी पूर्वक किया जा सके। अतः सभी ग्रामीण जनता से आग्रह किया है कि सभी कोई इस कार्य में खुलकर सहयोग करें। उसके पश्चात कांडी मुख्य बाजार के लोगों ने खुल कर सहयोग करना शुभारंभ कर दिया।

मंदिर परिसर की भूमि मापी करते समय अमीन सुदर्शन राम, पूर्व मुखिया दामोदर प्रसाद, शिव सिंह, बाबूलाल प्रसाद, रामनाथ प्रसाद, राजेश प्रसाद, उदय राम, छठ पूजा समिति के अध्यक्ष कृष्णा बारी, जेपी सोनी, वार्ड सदस्य विनोद मेहता, तबरेज आलम, पंकज, गुड्डू, शशि, गोपाल, मुरली, भोला, उप मुखिया दिलीप राम सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गयी



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में सोमवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक में सीएफएल सेंटर कोऑर्डिनेटर के द्वारा वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गयी। बैठक में मुख्य रूप से सीएफएल सेंटर कोऑर्डिनेटर गुरुदेव विश्वकर्मा के द्वारा उपस्थित लोगों को नियमित बचत, बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना के साथ-साथ साइबर क्राइम और फ्रॉड कॉल के तौर तरीके और इससे बचने के उपाय बताया गया। मौके पर आरबीआई द्वारा जारी टोल फ्री नंबर को भी उपलब्ध करवाया गया ताकि किसी भी समय इसी तरह के साइबर क्राइम या फ्रॉड कॉल जैसे घटना घटने के बाद टोल फ्री नंबर का उपयोग कर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

# संस्कार और अनुशासन पूर्ण शिक्षा ही सफल जीवन का आधार : अलखनाथ

**बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र किये गये सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल सोनपुरवा गढ़वा में आज सीबीएसई दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद अलखनाथ पांडेय ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में स्कूल के उत्तरोत्तर विकास की बात करते हुए कहा कि स्कूल अपने स्थापना काल से ही अनुशासन और संस्कार युक्त शिक्षा पर विशेष ध्यान रखा है। इसी का परिणाम है कि आज स्कूल के छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो रहा है। परिवार के साथ-साथ समाज और देश के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। आज स्कूल से शिक्षा प्राप्त छात्र-छात्राएं आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर और अन्य उंचे पदों पर देश ही नहीं, विदेशों में भी अनेक क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। गढ़वा जिले में अंग्रेजी माध्यम से सीबीएसई से मान्यता प्राप्त पहला स्कूल आज अपनी सफलता के परचम लहरा रहा है। इसका पूरा श्रेय उन्होंने शिक्षकों के मेहनत, कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों से कहा कि आपके जीवन में तरक्की का पूरा श्रेय आपके शिक्षक और माता-पिता का है। इसका आप ध्यान रखें और सम्मान के साथ उनका ख्याल करें। कहा कि शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और विद्यार्थियों के मेहनत का परिणाम है स्कूल का शत प्रतिशत रिजल्ट। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य संतोष पांडेय, अनुप कुमार पांडेय और सम्मानित छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थित थे।

### सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राएं

**दसवीं बोर्ड टॉपर्स :-** वकास खान, शोभित कुमार, एमडी शम्स परवेज, अद्रिका पटनायक, एकता कुमारी, अनिकेत कुमार, आशिया अख्तर, दिव्यांशु कुमार, अदिती कुमारी, शिवम सिंह, अभिषेक कुमार, श्रेष्ठा राज, अमन तिवारी, आयुषीदीप, वैभव पांडेय, वैष्णवी केशरी, रुद्रांश कुमार, नंदनी गुप्ता, एरम तबस्सुम।

**बारहवीं बोर्ड के टॉपर्स :-** सत्यम कुमार, स्मिता कुमारी, वैष्णवी जयसवाल, अभिषेक कुमार, श्रेया श्रुति आदि के नाम शामिल हैं।

## झगराखांड आंगनबाड़ी सेविका निर्मला देवी का निधन



फाइल फोटो: निर्मला देवी

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बनसानी पंचायत के झगराखांड आंगनबाड़ी सेविका निर्मला देवी का निधन रविवार की शाम अपने आवास में हो गयी। निधन की सूचना मिलते ही लोगों ने मृतका के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार झगराखांड शमशान घाट पर किया गया। मुखाग्नी पति गोकुल पासवान ने दी। सेविका की निधन की सुचना मिलते ही झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, भाजपा नेता निरंजन पाठक, शशिकांत पासवान, चेतन पासवान, नीतीश पासवान, माणिकचंद पासवान, रामप्रवेश पासवान, कमलेश पासवान, जोखू राम, मनोज पासवान, अनोज, विष्णुकांत, अंजनी, दयाशंकर यादव, कामेश्वर ठाकुर, जनक राम आदि मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बांधाया।

## प्रमुख चंद्रावती देवी ने मनरेगा की छोटी योजनाओं को शीघ्र चालू करने के लिए दिया डीडीसी को आवेदन



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा को आवेदन देकर प्रखंड क्षेत्र में नयी योजनाओं को स्वीकृति दिलाने की मांग की है। आवेदन में केतार प्रखंड क्षेत्र में पिछले चार माह से मनरेगा की छोटी छोटी योजनाओं को पूरी तरीके से बंद कर दिये जाने का उल्लेख किया गया है। आवेदन में प्रमुख चंद्रावती देवी ने मनरेगा योजना मेडबंदी, टिसीबी, समतली करण जैसी छोटी-छोटी योजनाओं को बंद रहने के प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों के काफी मनरेगा मजदूर पलायन करने का जिक्र किया गया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि जो योजना पूर्व से संचालित है, उनमें भी पदाधिकारी के द्वारा कोई तरह के नियम कानून लगाकर तथा जांच और एफआईआर की धमकी दिया जा रही है। जिसके कारण लाभुकों को मनरेगा योजनाओं का मोह भंग होते होते जा रहा है। जिसके कारण लोग प्रखंड कार्यालय आना बंद कर दिये हैं। प्रमुख ने उप विकास आयुक्त को आवेदन के माध्यम से पलायन में हो रही भयंकर वृद्धि को रोकने के लिए मनरेगा से संचालित छोटी योजनाओं को शीघ्र चालू करने की मांग की है।

## मुखिया ने श्राद्ध कार्य के लिए किया सहयोग



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर निवासी रामचंद्र वियार की माता की श्राद्ध कार्य के लिए मुखिया मूंगा साह ने 50 किलो आटा सहित आर्थिक सहयोग किया। मृतक काफी बुजुर्ग हो जाने के कारण पिछले दिनों घर पर ही मृत्यु हो गया था। इस मौके पर उपस्थित वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, ओम नारायण साह, हीरामन साह, रमेश बियार, रामनाथ बियार, अंगद गुप्ता, सुनील बियार, कैलाश वियार, सुखाड़ी वियार, अरविंद गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कण-कण में बसे हैं प्रभु श्री राम : गौरीश जी महाराज



मेराल (आजाद सिपाही)। संकटमोचन हनुमान मंदिर अकलवानी का 11वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर तीन दिवसीय श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया गया। श्रीराम कथा से पूर्व संकट मोचन मंदिर में हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। इसके बाद कथा वाचक अयोध्या से पधारे गौरीश पांडेय जी महाराज ने समापन के अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच भगवान श्री राम का वर्णन करते हुए कहा कि वह तो कण-कण में विराजमान है। इसके पूर्व उन्होंने प्रभु के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों में शुरू से ही अच्छे संस्कार डालने चाहिए। भगवान श्रीराम के बारे में बताना चाहिए की श्री राम कौन थे और उन्हें क्यों वनवास जाना स्वीकार किए थे। श्री महाराज ने कहा कि प्रत्येक प्राणी का प्रथम गुरु सर्व शक्तिमान परमात्मा होता है। दूसरा गुरु मां-बाप तथा गुरूजन तीसरा गुरु होते है। इसलिए सभी को प्रात: जागते ही प्रभु का स्मरण करने के बाद माता-पिता तथा गुरूजनों को प्रणाम करना चाहिए। मुख्य यजमान के रूप में आयोजन कर्ता धनंजय मिश्रा सपरिवार शामिल रहे जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से विजय मिश्रा, संतोष मिश्रा, पुष्कर मिश्रा, रामनाथ मिश्रा, विनोद मिश्रा मिश्रा परिवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी कथा में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धार्मिक लाभ प्राप्त किया।

## भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दो घायल



इलाज कराते विष्णु देव प्रजापति

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। केतार प्रखंड कार्यालय के समीप भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में परती निवासी विष्णु देव प्रजापति, मुनिलाल प्रजापति दोनों सगे भाई घायल हो गये हैं, जबकि गंभीर रूप से घायल विष्णु देव प्रजापति को गढ़वा रेफर कर दिया गया है। परती निवासी विष्णु देव प्रजापति व मुनिलाल प्रजापति दोनों सगे भाई का भूमि विवाद अपने पटिदार रामलाल प्रजापति वगैरह से चल रहा था। सोमवार को अंचल कार्यालय में दोनों पक्षों को बुलाया गया था। मुनिलाल प्रजापति ने बताया कि रामलाल प्रजापति वगैरह जबरन हमारे जमीन पर घर बना रहा है। जिसका आवेदन अंचल कार्यालय में पूर्व में दिया गया था। आज इसी संदर्भ में दोनों पक्षों को बुलाया गया था। हम दोनों भाई अंचल कार्यालय पहुंचे की, दूसरे पक्ष से रामलाल प्रजापति, जगन्नाथ प्रजापति, लखन, बबलू, मनोज प्रजापति ने हम दोनों भाईयों पर हमला कर पिटाई कर दिया। 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा ईलाज के बाद गंभीर रूप से घायल विष्णु देव प्रजापति को रेफर कर दिया गया है।

# बालू के अवैज्ञानिक उत्खनन से वीरान हो रही हैं नदियां, लोग झेल रहे गंभीर जल संकट

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बालू का महत्व सिर्फ निर्माण कार्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पारिस्थितकीय दृष्टिकोण से भी इसका काफी महत्व है। पर्यावरण संतुलन के लिए नदियों में भरपूर बालू को होना अनिवार्य है। पानी के बाद बालू ही ऐसी उपयोगी चीज है, जिसका सर्वाधिक और अवैज्ञानिक ढंग से दोहन हो रहा है। यही कार है कि नदियां वीरान होती जा रही हैं। कई नदियों का अस्तित्व ही संकट में आ गया है। बालू को लघु खनिज के रूप में वगीर्कृत किया गया है, जिसके बिना निर्माण कार्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नदियों में भरपूर बालू होने से आसपास की वनस्पति और जीवों को पनपने का अवसर मिलता है। इससे जैव विविधता को पोषण मिलता है और पर्यावरण की सुरक्षा होती है। बढ़ते शहरीकरण और



सरकारी भवनों, पुल-पुलियों के अलावा अन्यसभी तरह कें निर्माण कार्यों में आयी तेजी के कारण बालू की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। इसकी पूर्ति के लिए नदियों से अवैध, अनियंत्रित और अवैज्ञानिक तरीके से बालू उत्खनन को बढ़ावा मिल रहा है। बालू के अवैध उत्खनन के कारण न सिर्फ नदियां वीरान हो रही है, बल्कि जल धारण की क्षमा भी प्रभावित हो रही है और नदियों के तट का स्वरूप भी बिगड़ता जा रहा है। नदियों की जल धारण की क्षमता घटने से इसका सीधा असर जलापूर्ति पर पड़ रहा है। खूंटी जिले का ही उदाहरण लें, जहां गर्मी के दिनों में गभीर जल संकट का सामना आम लोगों को करना पड़ रहा है। बालू के अवैध और अंधाधुंध उत्खनन से इस जिले की कारो, छाता, तजना, बनई, छोपी सहित कई छोटी-बड़ी नदियां पूरी तरह सूख चुकी हैं। बालू तस्करों ने तो बनई नदी के अस्तित्व को ही खत्म कर दिया है। यह मात्र एक छोटा सा सूखा नाला बनकर रह गया है। गांव कें बड़े बुजुर्ग बताते हैं कि कारो, छाता, तजना जैसे नदियां भीषण गर्मी में भी नहीं सूखती थीं, पर रांची में रियल स्टेट का व्यवसाय बढ़ने और निर्माण कार्य में आई तेजी कें कारण बालू की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। इसके कारण इसकी जमकर तस्करी हो रही है। सिर्फ खूंटी जिले से ही हर दिन सैकड़ों हाइवा ट्रक से बालू की तस्करी की जाती है। इसके कारण नदियां पूरी तरह सूख चुकी हैं और मानव के साथ ही पशु-पक्षियों को भी बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

## बालू का बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग जरूरी : डॉ नीतीश प्रियदर्शी

**नदियों से बालू के अवैध और अवैज्ञानिक तरीकें से उत्खनन के दुष्प्रभाव के संबंध में प्रख्यात पर्यावरणविद डॉ नीतीश प्रियदर्शी कहते हैं कि बालू को सिर्फ निर्माण सामग्री कें रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि इसका बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग करते हुए आनेवाली पीढ़ियों के लिए हमें नदियों के अस्तित्व को बचाकर रखना जरूरी है। डॉ प्रियदर्शी ने कहा कि नदियों के अस्तत्व को बचाकर रखने के लिए सबसे पहले हमें बालू का अवैज्ञानिक ढंग से हो रहे उत्खनन पर रोक लगानी होगी। उन्होंने कहा कि बालू का ठोस विकल्प भी खोजना समाज और भावी पीढ़ी के लिए हितकारी होगा।**

# सरकारी शराब दुकान से लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के सरकारी शराब की दुकानों में चोरी की घटना में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही हैं। बीती रात चोरों ने चांडिल डैम रोड स्थित सरकारी लाइसेंसी शराब की दुकान में बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने दुकान के गल्ले में रखे 1.41 लाख नगदी के अलावे 50 पेटी विभिन्न ब्रांडों के महंगे शराब की चोरी कर ली है। इसकी कीमत लागभग 3.70 लाख आंकी गई है। सूचना मिलते ही आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच करते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराया है।



आबकारी निरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि चोरी कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि दुकान में सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी थी। वह रात में बिना बताये घर चला गया था। उसकी भूमिका की भी जांच की जा रही है। बता दें कि जिले में शराब की दुकानों में चोरी किया कोई पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व कांड्रा, आदित्यपुर और ईचागढ़ में भी शराब की दुकान में चोरी की घटना हो चुकी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

सूत्रों के अनुसार दुकान के कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# फुटबॉल लीग का मैच गोलरहित ड्रॉ हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग का मैच एफसी कुंदला और एफ सी पुण्डिदिरी के बीच आमलेशा मैदान में खेला गया। यह मैच गोलरहित ड्रॉ हुआ। मैच के दौरान मैदान में रेव नेल्सन कंडुलना, प्रेम पुर्ती, रीतेश कुमार, निशांत भेंगरा, हीरालाल दास, हरीश चंद्र मुंडा, करम मुंडा, गुप्तेश्वर मुंडा, गोखेन मुंडा, महावीर पुरान, जॉन कमल, खुदिया मुंडा, आदि मौजूद थे। मंगलवार का मैच जांबाज ब्रदर्स और एफ सी अरार्डीह के बीच शाम 3बजे से होगी।



# कर्रा में बालू का अवैध परिवहन करते पांच वाहन पकड़े गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान और जिला खनन पदाधिकारी रामनरेश सिंह के नेतृत्व में जांच दल द्वारा रविवार की देर रात कर्रा प्रखंड के पदमपुर, छाता और अन्य स्थलों में छपामारी अभियान चलाकर अवैध रूप से बालू खनिज परिवहन करते पांच वाहनों कोजबत किया गया। जिन वाहनों को प्रशासन द्वारा जब्त किया गया, उनमें वाहन संख्या जेएच01 एफपी1018, जेएच01 एफएम 1964, जेएच02बीएल 5232, जेएच01सीए 0985 और जेएच02 बीपी 4006 है। जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि उनिज संपदा के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ जिला प्रशसन द्वारा लगातार विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। जिला अन्तर्गत अवैध खनन पर जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है, इसी कड़ी में इन पाचं वाहनों को जब्त किया गया। बालू के अवैध खनन परिवहन पर रोक लगाने के लिए जिले के मुख्य मार्गों पर छापामारी अभियान चलाकर अवैध उत्खनन और परिवहन करनेवालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वाहन मालिकों के खिलफ विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। अवैध बालू खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जायेगी तथा इस में संलिप्त कारोबारियों, वाहनों, वाहन मालिकों और परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन सख्त है।



# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया मतगणना केंद्र का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सोमवार को लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर बिरसा कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतगणना की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। उन्होंने काउंटिंग हॉल में संचालित मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा उसे समय से पहले दुरुस्त करने का निर्देश दिया। हॉल में मतगणना टेबल, लाइटिंग इत्यादि की पूर्ण व्यवस्था सहित सुरक्षाबलों को लेकर की जाने वाली सभी आवश्यक तैयारियों तथा मतगणना स्थल की साफ-सफाई जैसे जरूरी कार्यों को समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया।

# अफीम के साथ एक युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू प्रखंड के ताऊ मोड़ के पास हजारीबाग का एक युवक सिंटु कुमार पिता राजेंद्र महतो उम्र 23 वर्ष अफीम के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को गुप्त सूचना मिली थी कि बुंडू मैं हजारीबाग के एक युवक के द्वारा अफीम की खरीद कर हजारीबाग ले जाने की सूचना मिली थी इसी को ध्यान में रखकर एक टीम बनाकर बुंडू के ताऊ मोड़ पर चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां से सिंटू नाम के युवक पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस ने पकड़ लिया तथा उसकी तलाशी ली गयी तो उसके बैग से 3.5 किलो अफीम तथा चालीस हजार रूपये नगद बरामद की गयी पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर जेल भेज दी है। चेकिंग अभियान में नगर पंचायत के शुभम पोद्दार थाना प्रभारी राय सौमित्र पंकज भूषण, आतिश कुमार, रवि कुमार, संतोष कुमार, मंडल विनय कुमार, शंभू शर्मा, सूरज कुमार, दीपक मुंडा आदि उपस्थित थे।



# मतदान में तेजी लाने के लिए चेन सिस्टम के तहत पीठासीन पदाधिकारी करायें मतदान : के रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के रवि कुमार ने कहा है कि राजमहल, दुमका और गोड्डा लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान 1 जून 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। पदाधिकारी मतदान प्रक्रिया में शिथिलता नहीं बरतें। चेन सिस्टम के माध्यम से पीठासीन पदाधिकारी मतदान प्रक्रिया में तेजी लाएं। मतदाताओं को क्रमबद्ध मतदान कक्ष में प्रवेश कराते हुए मतदान कराना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केंद्र से दुरस्थ मतदाताओं के लिए वाहन की टैगिंग करें, ताकि मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर लाया जा सके। वहीं शहरी क्षेत्रों में दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन से ऑनलाइन सातवें चरण के मतदान के लिए की गयी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक बुलाने के लिए माइक्रो कॉल सेंटर भी स्थापित कराएं और मतदाताओं को कॉल कर भी बुलाएं। उन्होंने कहा कि 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों पर रोशनी की सुविधा के लिए जेनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि मतदान में देरी होने पर मतदाता और मतदान कर्मियों को कोई असुविधा नहीं हो। उन्होंने सभी को रियल टाइम डाटा अपडेट करने का भी निर्देश दिया। साथ ही मतदान प्रक्रिया में गति लाने के लिए संबंधित पदाधिकारी को प्रशिक्षण देने एवं साइलेंस पीरियड में भी मतदाता जागरूकता संबंधित माईकिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर प्रयास करते हुए मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बेहतर मतदान के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सेक्टर ऑफिसर आदि निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को फील्ड में रहते हुए मतदाताओं से संपर्क कर मतदान करने की अपील करने का निर्देश दिया। बैठक में निर्वाचन सदन से सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता एवं ऑनलाइन के माध्यम से संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।



# प्रदीप यादव के भाई दिलीप यादव के खिलाफ भाजपा फिर पहुंची चुनाव आयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व मे चुनाव आयोग पहुंचकर गोड्डा के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के भाई सीआइडी इंस्पेक्टर दिलीप यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की गोड्डा के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप कुमार यादव के भाई दिलीप कुमार यादव के खिलाफ भाजपा पहले भी आयोग आयी थी, तब उनके खिलाफ करवाई करते हुए उनको निलंबित कर दिया गया परंतु निलंबित होने के बाद भी सीआइडी इंस्पेक्टर दिलीप कुमार यादव देवघर मे भ्रमण कर रहे हैं, निलंबन की अवधी मे आरोपी का मुख्यालय मे रहना होता है और वहां उपस्थिति दर्ज होता है इसके बाद भी दिलीप यादव जी लगातार गोड्डा लोक सभा क्षेत्र मे भ्रमण कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से पूछा है की किस के आदेश पर दिलीप यादव देवघर मे घूम रहे है। निलंबन की अवधी मे उनका मुख्यालय कहां है। मुख्यालय मे दिलीप यादव का उपस्थिति है की नहीं। दिलीप यादव को कौन कौन से पुलिस पदाधिकारी संरक्षण दे रहा है। प्रतिनिधिमंडल मे अधिवक्ता शिव कुमार शर्मा, प्रकाश झा और रोहित शारदा शामिल थे।



## डायन बताकर महिला की हत्या, रिश्तेदारों ने ही ले ली जान

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत डायन बिसाही का आरोप लगाते हुए एक महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी है। इस संबंध में मुफ्फसिल थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया कि सोमवार को सुबह 11 बजे अमृत नगर करवे कला पंचायत में उनके ही रिश्तेदारों के द्वारा 40 वर्षीय महिला की हत्या पीट-पीटकर कर दी गयी। हालांकि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को शिकंजे में ले लिया है। इस घटना को लेकर थाना प्रभारी कुणाल कुमार द्वारा बताया गया कि सोमवार को जब महिला अपने घर में पूजा को लेकर मिट्टी रख रही थी। इसी बात को लेकर परिजनों में विवाद शुरू हो गया शुरूआत में दोनों पक्ष से जोरदार बहसबाजी हुई। फिर बात बढ़ते बढ़ते मारपीट में तब्दील हो गयी। इस दौरान महिला गिर गयी, इसके बाद अन्य परिजनों ने ईंट पत्थर से मार कर उन्हें जख्मी कर दिया गया।

## दुकान का गैस कटर से स्टार काट कर नगद दो लाख 94 हजार की चोरी

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ रायडीह मोड़ स्थित सरकारी शराब दुकान का गैस कटर से स्टार काट कर नगद 2 लाख 94 हजार930 रूपया चुरा लिया। इसके अलावा किमती शराब भी ले गये। आज्ञा संबंध में तमाड़ थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस चोरों की धड पकड़ में जुटी है ।

## चीनाटाड़ के समीप सड़क हुई जर्जर, परेशानी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज पतरातू सड़क अब धीरे-धीरे जर्जर होने लगा है। मैकलुस्कीगंज से पतरातू तक कुछ वर्ष पूर्व सड़क का निर्माण किया गया था। जो चीना टाड के समीप अब कई जगह जगह पर टूटने लगा है और जर्जर होने लगा है। मैकलुस्कीगंज मुख्य मार्ग से हुटाप के बीच काफी जगह सड़क जर्जर होने लगी है।सड़क के मेटेरियल बाहर निकलने लगे हैं। अभी इस सड़क पर प्रतिदिन कोयला लदे भारी वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है जिसके कारण सड़क की हालत और खराब हो गया है। जगह जगह सड़क के किनारे अधिकतर जगहों पर सड़क की स्थिति खराब होने लगी है इस सड़क पर बने गढ्ढे से सड़क में दुर्घटना का आशंका बना रहता है। भाजपा नेता अनिल गंझु ने बताया कि इस सड़क के बनने से मैकलुस्कीगंज सहित अन्य जगहों के लोगो को पतरातू रामगढ़ की तरफ जाने वाले लोगों के लिए काफी सहूलियत हो गया है लेकिन वर्तमान समय में सड़क की हालत जर्जर होने लगा है। प्रतिदिन काफी संख्या में इस सड़क पर आवागमन बढ़ गया है इसलिए सड़क की स्थिति को देखते हुए विभागीय अधिकारियों से सड़क की मरम्मत करने का आग्रह किया है।

## कल्पना और प्रदीप को समर्थन पत्र सौंपा गया



**गोड्डा (आजाद सिपाही)। पत्थरगावा में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के गोड्डा से प्रदीप यादव, राजमहल से विजय हसदा और दुमका लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी नलिन सोरेन के नाम समर्थन पत्र कल्पना सोरेन व प्रदीप यादव को सौंपा मौके पर पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, संजय यादव (पूर्व विधायक गोड्डा) प्रमुख रूप से उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर प्रेमनंदन मंडल, जिला अध्यक्ष राजकुमार भगत, गिरिजा भूषण ठाकुर प्रदीप विद्यार्थी अरुण शाह आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।**

# श्रद्धालुओं का जत्था मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए हुआ रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रविवार की रात श्रद्धालुओं का जत्था खलारी स्टेशन से जम्मूतवी के लिए रवाना हुआ। वही रवाना होने से पूर्व जत्था में शामिल श्रद्धालुओं ने माता रानी का जोरदार जयकारा लगाया। श्रद्धालुओं में शामिल जय माता दी ग्रुप की महिला प्रमुख सिन्नी समद, वर्षा रानी, मारुति देवी मुन्ना ने बताया की जत्था सबसे पहले मां वैष्णों देवी जी कटरा का दर्शन करेंगे। उसके बाद मंदिरों का शहर जम्मू में विभिन्न मंदिरों का दर्शन करने के पश्चात जम्मू से उज्जैन महाकाल की नगरी के लिए जत्था प्रस्थान करेगा। जहां तृतीय ज्योतिर्लिंग उज्जैन महाकाल का दर्शन, काल भैरव दर्शन, चतुर्थ ज्योतिर्लिंग ओम्कारेश्वर जी के दर्शन के बाद कटनी होते हुए माँ शारदा देवी दर्शन करने के पश्चात जय माता दी ग्रुप के सदस्य 05 जून को शक्तिपुंज ट्रेन से खलारी पहुंचेंगे।

माता वैष्णों देवी जी की यात्रा में जाने वाले दर्शनार्थियों में सन्नी समद, वर्षा रानी, मारुति देवी मुन्ना, इंदिरा देवी, लक्ष्मी बिरुवा, सीतामणी सवाइयां, मीना देवी, सुनील बिरुवा, मीनाक्षी बिरुवा, आरित कुमार, आकृति कुमारी, आसुतोष कुमार, राज कृष्णा पूर्ति, बसंत मुंडा, बिंदु देवी, सबिता देवी, दीपक तिवारी, अभिषेक तिवारी, पंकज उपाध्याय, बादल तिवारी, पंकज उपाध्याय, सोनू पाठक, गुड्डू ओझा, श्रद्धा तिवारी, राधेश्याम दुबे, तुषार प्रसाद, संजय कुमार, किशोर चंद्र देहुरी, टिकेष्वर पासवान, अंजली देवी, विन्दू देवी, रेखा देहुरी, सक्षम राज, गौरव राय, महेंद्र राय, मंजू राय शामिल है।



# बुजुर्ग व्यक्ति से डेढ़ लाख की छिनतई

## बैंक से रुपये निकालकर ऑटो का इंतजार करते समय हुई घटना

आजाद सिपाही संवाददाता


भुक्तभोगी जॉन लकड़ा।

**नामकुम।** नामकुम बाजार क्षेत्र में इन दिनों अपराधियों के हौसले बुलंद है। अपराधियों ने छिनताई की घटना को अंजाम देकर नामकुम पुलिस को एक बार फिर से चुनौती दी है। जानकारी के मुताबिक बाइक सवार अपराधियों ने एक बुजुर्ग व्यक्ति से डेढ़ लाख रुपये की छिनतई की और फरार हो गए। यह पूरा मामला नामकुम बाजार के सदाबहार चौक स्थित बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच के पास घटित हुई। पता चला है कि बुजुर्ग व्यक्ति प्लांडू निवासी जॉन लकड़ा सोमवार की दोपहर बैंक से पैसा निकालकर अपने घर जाने के लिए ऑटो का इंतजार कर रहे थे। जहां पहले से घात लगाए बाइक सवार दो अपराधी जॉन से डेढ़ लाख रुपये से भरा बैग छिनकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि दोनों अपराधी हेलमेट पहने हुए थे। पैसा छिनतई के बाद उन्होंने शोर भी मचाया, लेकिन अपराधी तब तक भाग गए थे। इधर, नामकुम पुलिस जॉन की शिकायत पर मामले की जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा से फुटेज खंगाला जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा ऐतिहासिक डुकू व बड़ा तालाब

- दोनों तालाबों के सूखने से पानी को तरस रहे पशु-पक्षी

आजाद सिपाही संवाददाता


जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते सूखा तालाब।

**बेड़ो।** ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए सरकारें दावा तो बड़ी-बड़ी करती है, लेकिन वास्तविकता इसका कोई लेना देना नहीं होता है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक डुकु व बड़ा तालाब है, जो मौजूदा समय में अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। पौराणिक व धार्मिक महत्व वाला यह तालाब आज बदहाल है। आलम यह है कि दोनों तालाब का पानी लगभग सुख चुका है। तेजी से सूखते तालाब से अब पशु-पक्षी के सामने प्यास बुझाने का संकट गहरा गया है। वहीं, समाजसेवी अनिल उरांव का कहना है कि जब प्रखंड मुख्यालय के बगल के दोनों तालाब सूखे पड़े हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों पर लाखों खर्च कर सुंदर बनाए गए तलाबों का हश्र क्या होगा। बेड़ो में अमृत सरोवर जिम्मेदारों की लापरवाही से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। वहीं दोनों तालाबों में पानी न होने से ग्रामीण, पशुपालक, किसान ही नहीं, पशु-पक्षी भी परेशान हैं। प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित तालाबों की स्थिति निरंतर खराब होती जा रही है।

मौसम की मार से तालाब सूखते जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। गर्मी के मौसम में तालाब में पानी की उपलब्धता आमजन के साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए जरूरी है। लंबे समय से तालाबों के संरक्षण पर ध्यान न दिए जाने से आमजन व पशु- पक्षियों को समस्याओं से जुझना पड़ रहा है। तालाब पूरी तरह से सूख गया है जिससे जहां किसानों को अपने दैनिक जीवन के जरूरी कार्यों में समस्या आ रही है।

### कागजों में ही हुआ तालाब का सुंदरीकरण

केंद्र सरकार द्वारा शुरू हुई अमृत सरोवर योजना के तहत प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के तलाबों के सुंदरीकरण में लाखों रुपए खर्च किए गए। लेकिन सुंदरीकरण का काम सिर्फ कागजों में ही हुआ। तलाबों की सूरत नहीं बदली। वहीं मनरेगा के तहत जीर्णोद्धार के नाम पर पुरनी सीढ़ी को तोड़कर मरम्मती हुई है। योजना मूर्त रूप नहीं ले सकी है। लाखों की धन राशि खर्च होने के बाद भी धरातल पर बदहाल तालाब योजना को मुंह चिढ़ा रहे हैं। जबकि जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए पिछले दो दशक से लाखों रुपए खर्च कर दिए गए किंतु तालाब के दिन नहीं बहुरे। केवल सीढ़ी बनाकर बोर्ड बदल दिया जाता है। प्लास्टिक व गंदगी से तालाब बदहाल है। तलाब में घाटों का निर्माण एवं स्नानागार, चेंजिंग रूम व यूरिनल जैसे इंतजाम ना होने से यहां की रौनकता सिमटती जा रही है। जिम्मेदारों की उदासीनता की वजह से तालाब धीरे-धीरे अपनी पहचान खोते जा रहे हैं।

# अगरबत्ती मांगने के बहाने युवक ने महिला से छीने दो लाख के जेवर

आजाद सिपाही संवाददाता



**दुमका।** नगर थाना क्षेत्र में एक महिला से झपटमारी की घटना प्रकाश में आयी है। पीड़िता के अनुसार वारदात उस वक्त हुई जब वह मंदिर से वापस अपने घर लौट रही थी। तभी अचानक दो युवक वहां पहुंचे और कहा कि वे हरिद्वार से आएं। पूजा के लिए उनके लिए अगरबत्ती खरीद दीजिए। उनसे बात करते वक्त जैसे ही महिला का ध्यान भटका युवकों ने उसके सोने के चेन और झुमके छीन लिए और फरार हो गए।

### क्या है पूरा मामला

धर्म-कर्म और पूजा पाठ के नाम पर महिलाओं को अपना शिकार बनाने वाले गिरोह के सदस्य दुमका में एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। खासतौर पर सुबह पूजा के लिए जाने वाली महिलाओं को विशेष सतर्क रहने की जरूरत है। सोमवार को अपने को हरिद्वार का निवासी बताकर बाइक सवार दो युवकों ने नगर परिषद चौक स्थित ओम शांति भवन से पूजा कर लौट रही जयश्री हरनानी से करीब दो लाख के जेवर छीन लिए और फरार हो गए. महिला ने नगर थाना में मामला दर्ज कराया है। नगर थाना क्षेत्र के डंगालपाड़ा निवासी जयश्री ने बताया कि वह ओम शांति भवन में आई थी। जब बाहर निकलने लगी तो बाइक सवार दो युवक आए और कहा कि वे हरिद्वार के रहने वाले हैं और पूजा करने के लिए आए थे लेकिन पैसा चोरी हो गए। अगर आप अगरबत्ती खरीद दें तो पूजा कर लेंगे। महिला को उनकी बातों पर शक हुआ पर अगरबत्ती लेने के लिए पास की दुकान की ओर जाने लगी। इसी क्रम में किसी अनहोनी की आशंका से महिला ने पुश्तैनी सोने की चेन और कान की दो बाली उतारकर हाथ में रख ली। महिला दुकान तक पहुंचती, इससे पहले दोनों पास आए और हाथ से जेवरात छीनकर फरार हो गए। महिला ने बताया कि यह सब इतनी तेजी से हुआ कि उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला। शोर मचाने से पहले दोनों युवक बाइक से फरार हो गए। छीने गए जेवर लगभग दो लाख रुपये के थे। बता दें कि पिछले साल सितंबर माह में सिविल कोर्ट के अधिवक्ता विक्रमादित्य पांडे की माता से राजभवन के समीप करीब तीन लाख का जेवर ले लिया था। मामला दर्ज होने के बाद न तो जेवर मिले और ना ही उचक्के।

उधर, इस पूरे मामले में नगर थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने कहा कि महिला ने जेवर छीनने की शिकायत की है। पड़ताल की जा रही है। पुलिस शीघ्र किसी नतीजे पर पहुंच जाएगी।

# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के नारो बाजार के नजदीक वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान नगड़ी थाना क्षेत्र के हाईस्कूल मुहल्ला अमन नगर निवासी मो जुल्फान अंसारी के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक नगड़ी पुलिस सोमवार की दोपहर थाने के नजदीक नारो बाजार के पास वाहन जांच कर रही थी। तभी वहां बाइक सवार जुलफान अंसारी पहुंचा। पुलिस कर्मियों ने जब बाइक के कागजात मांगे तो वह दिखा नहीं सका। साथ ही उसके हाव-भाव से पुलिस कर्मियों को उस पर शक हुआ। जब उसे पकड़ कर थाना लाया गया और कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने बाइक चोरी की होने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि दो दिन पूर्व पिस्का रेलवे स्टेशन के पास से खड़ी बाइक चोरी की थी। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया गया। पता चला गै कि गत 24 मई को नगड़ी के कोलाबी गांव निवासी रेलवे कर्मचारी सामी लोहरा की बाइक चोरी हो गई थी।

# सांप के काटने से महंत लालगिरी का निधन, सदस्यों ने दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ पर रह रहे जुना अखाड़ा के नागा साधु मंहत लालगिरी बाबा का शनिवार की देर रात सांप के काटने से निधन हो गया था। उनके आकस्मिक निधन से ट्रस्ट के सदस्यों एवं बाबा के अनुयाइयों में शोक है। सोमवार को ट्रस्ट की ओर से सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। सदस्यों ने बाबाजी की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा और उनकी फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। लालगिरी बाबा पिछले कई वर्षों से शिवलोक धाम में रहते आ रहे थे। उन्होंने पहाड़ के विकास में हमेशा बढ़-चढ़कर सहयोग किया है। श्रद्धांजलि सभा में ट्रस्ट के अध्यक्ष दयानंद राय, मीडिया प्रभारी राजेश वर्मा, अशोक राय, सूरत राय, रिंकू राय, भीम राय, राजू राय, आशुतोष राय, दिनेश कुमार सिंह, किशोर श्रीवास्तव, मनोज राय, नरेंद्र राय, निलकंठ राय, बीरु राय, रविन्द्र खंडित, करण बैठा, दीपक बैठा, संदीप खंडित, बिक्रम खंडित, सीताराम बैठा, सुजीत बैठा, मनोज सिंह, शिवानंद राय, देवी सिंह आदि उपस्थित थे।

# होटल से नकदी सहित हजारों की चोरी चॉकलेट व मिठाइयां भी ले भागे चोर

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना के दलादिली टीओपी क्षेत्र के लाल गुटवा ओवरब्रिज के पास में स्थित कोयल होटल में रविवार की रात हजारों रुपए नकद और समानों की चोरी हो गई। पता चला है कि चोर कैश काउंटर में रखे करीब 13 हजार रुपए और नौ हजार रुपए मूल्य के चाकलेट और मिठाई अपने साथ ले गए। चोर रात में करीब एक बजे होटल के पिछले हिस्से के शटर को तोड़कर दाखिल हुए और चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों की पूरी गतिविधियां वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें दो चोर चेहरे पर रूमाल लपेटे दिखाई दे रहें हैं। इस संबंध में होटल मालिक राज कुमार महतो ने बताया कि उसके होटल में यह लगातार तीसरी चोरी हैं। राजकुमार ने दलादिली टीओपी में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# श्रीश्री बजरंगबली मंदिर निर्माण के दूसरे वार्षिक महोत्सव में शामिल हुए जैलेंद्र कुमार


आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** रामदगा स्थित श्री बजरंगबली मंदिर निर्माण का दो वर्ष पूरा होने पर ग्रामीणों की ओर से महायज्ञ सह अखंड महा कीर्तन का आयोजन किया गया था जिसका हवन एवं भंडारे के साथ समापन हुआ। जिसमें भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार भी अपने सहयोगियों-समर्थकों के साथ शामल हुए। वहां बजरंगबली का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र-राज्य में सुख-शांति व खुशहाली की कामना की। इस मौके पर शंकर बैठा, मुकेश महतो, निरंजन महतो, सोनू बेदिया, भूनेसर महतो, अनुज गोस्वामी पुजारी राजेंद्र गोस्वामी आदि उपस्थित हुए।



अखंड महाकीर्तन में शामिल जैलेंद्र कुमार और अन्य।

# वुडक्राफ्ट बहावलपुरी प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन-7 का हुआ रंगारंग आगाज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बहावलपुरी पंजाबी समाज की ओर से आयोजित वुडक्राफ्ट बहावलपुरी प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन-7 का रविवार को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित दयालबाग में शाम सात बजे रंगारंग आगाज हुआ। टूर्नामेंट का हिस्सा रहे समाज के समीर मल्होत्रा की स्मृति में दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाज के मुखिया राधेश्याम किंगर एवं द्वारकादास मुंजाल द्वारा संयुक्त रूप से ट्रॉफी का अनावरण किया गया और टूर्नामेंट की सभी जूनियर टीम के कप्तानों ने रंग बिरंगी रोशनी के बीच संयुक्त रूप से हवा में रंगीन गुब्बारे उड़ाकर लीग का आगाज किया। संस्था के अध्यक्ष ललित किंगर ने लीग में शामिल सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। सचिव अश्विनी सुखीजा ने सभी खिलाड़ियों से पूरे जोश के साथ खेल का आनंद लेने का आह्वान किया। दूधिया रोशनी में लीग की शुरूआत जूनियर लीग के गेम चेंजर्स एवं भोले ब्लास्टर्स के बीच मुकाबले से रात 9 बजे हुई। गेम चेंजर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट के नुकसान पर 74 रन बनाए। जवाब में भोले ब्लास्टर्स की टीम 39 रन ही बना सकी और 35 रनों से मैच गंवा दिया। निहाल खत्री को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। अगले मुकाबले में जूनियर लीग में पावर हिटर्स की टीम ने बाबा ब्लास्टर्स को हराया जिसमें रिशान काठपाल मैन ऑफ द मैच बने तथा साइलेंट किलर्स एवं रूल ब्रेकर्स के बीच खेले गए मुकाबले में रूल ब्रेकर्स की टीम ने एकतरफा मुकाबले में साइलेंट किलर्स को दस विकटों से मात दी.उस्तत मिढ़ा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सीनियर लीग में आज का एकमात्र मुकाबला विवेकानंद आर्मी एवं बिग शॉट के बीच खेला गया, जिसमें बिग शॉट की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में 80 रन बनाए और गौरव अरोड़ा की घातक गेंदबाजी से विपक्षी टीम को 27 रनों पर समेट कर 53 रनों से जीत हासिल की और एक बोनस अंक भी प्राप्त किया। जतिन बेदी को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया.

## बेड़ो में वार्षिक पड़हा सभा सह जतरा समारोह को लेकर बैठक

# कार्निवल का रूप लेगा पड़हा जतरा समारोह: डॉ रविंद्र नाथ


बैठक में लोगों को संबोधित करते 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध कुमार लकड़ा ।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** बाजार टाड़ में तीन जून को आयोजित होने वाली वार्षिक पड़हा सभा सह जतरा समारोह की तैयारी चोरशोर से चल रही है। इसे लेकर जरिया कटरमाली गांव स्थित 10 पड़हा भवन के परिसर में सोमवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध कुमार लकड़ा ने की। बैठक में उपस्थित बेड़ो के केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के संरक्षक सह पूर्व कुलपति डॉ रविंद्र नाथ भगत ने कहा कि 58वां वार्षिक पड़हा जतरा समारोह का विकास कार्निवल के रूप में किया जाएगा। इस वर्ष भी इस समारोह में 10 पड़हा की अगुवाई में 21 पड़हा, 5 पड़हा, 7 पड़हा व 8 पड़हा समेत अन्य पड़हा क्षेत्र के पड़हा राजा और पड़हा प्रेमी इस जतरा में शामिल होंगे। इस दौरान एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

वहीं, 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध कुमार लकड़ा ने पड़हा प्रेमियों से प्रतीक चिन्हों के साथ समारोह में शामिल होने की अपील किया। मौके पर सभी 10 पड़हा प्रेमियों में क्रमशः मुख्य संरक्षक रविंद्र नाथ भगत, पड़हा राजा रोहित उरांव, दीवान खद्दी उरांव, उपाध्यक्ष बिन्नी उरांव, सचिव विजय उरांव, संयोजक संजय लकड़ा, मंगरू खाखा, विश्व उरांव, विशेश्वर उरांव, मंगला खाखा, बांदे लकड़ा, बुधनाथ उरांव, अशोक खाखा और 10 गांव के सभी पाहन, पुजार, महतो, कोटवार एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### मकुंदा नरकोपी में दो दिवसीय मंडा आज से

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नरकोपी मकुंदा गांव में शिव मंडा पूजा समिति सह त्रिलोकीनाथ महादेव मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में लगने वाली ऐतिहासिक शिव पार्वती की उपासना का महापर्व मंडा पूजा मंगलवार को लोटन सेवा से शुरू होगा। वहीं रात्रि में जागरण, फुलकुंदी व छऊ नृत्य होगा। 29 मई को झूलन, मेला और रात में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी समिति के संरक्षक अजय कुमार ने दी।

# शालिनी अस्पताल व उषा मार्टिन ने आयोजित किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 80 मरीजों की हुई जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** शालिनी अस्पताल एवं उषा मार्टिन फाउंडेशन की ओर से सोमवार को प्रखंड के बैजनाटाटा गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें करीब 80 मरीजों के स्वास्थ की जांच की गई और उनके बीच दवा का वितरण किया गया। स्वास्थ्य जांच डॉ मृदुला कच्छप एवं भारती कुमारी ने किया। इस अवसर पर अस्पताल के वरीय प्रबंधक राणा विकास ने कहा कि अस्पताल की ओर से संचालित स्वास्थ्य जांच शिविर क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। विगत तीन वर्षों से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल रहा है। इसके साथ ही अस्पताल की ओर से एनीमिया मुक्त अभियान व स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम भी गांवों में चलाया जा रहा है जिससे हजारों लोग लाभावित हो चुके हैं। यह कार्यक्रम निरंतर चलता रहेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के साथ ही उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। अस्पताल में आयुष्मान भारत के तहत वीपीएल परिवारों के लिए मुफ्त चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध है। जिसका लाभ अस्पताल के आसपास के ग्रामीण परिवार उठा रहे हैं। शालिनी अस्पताल में उषा मार्टिन फाउंडेशन के सहयोग से आधुनिक चिकित्सा उपकरण भी उपलब्ध कराई गई है। जिसके माध्यम से लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। महिला विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा उपलब्ध कराई गई है। जहां डॉ अमन सैंकी एवं डॉ पीआर बाखला अपनी सेवा दे रहे हैं। शालिनी अस्पताल की मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मृदुला कच्छप ने बताया कि अस्पताल के सभी विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा सहित पैथोलॉजी जांच, रेडियोलॉजी आदि सेवाएं उपलब्ध है। ताकि ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा के लिए दूर जाने की जरूरत ना पड़े। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिशिर कुमार भगत, मोहर महतो, संपुणानंद महतो, देवेन्द्र नाथ पाहन आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# 17 दिनों से लापता युवक का जंगल में मिला कंकाल, हत्या की आशंका

## कपड़ा, चप्पल और हाथ में बंधे धागे से परिजनों ने की पहचान, जांच में जुटी पुलिस

**पिता ने चार युवकों के खिलाफ थाने में दर्ज कराई है प्राथमिकी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह ओपी अंतर्गत महुआखाला-पचघारा स्थित जंगल से सोमवार को एक युवक का कंकाल बरामद किया गया। उसकी पहचान छिपादोहर गांव निवासी चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डब्ल्यू मिश्रा के पुत्र राकेश उर्फ मोनू मिश्रा के रूप में की गई है। कपड़ा, चप्पल और हाथ में बंधे धागे को देखकर परिजनों ने मोनू की पहचान है। उधर, मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताते चलें कि मोनू पिछले 17 दिनों से लापता था। इस संबध में परिजनों ने थाना में गुमशुदगी का मामला भी दर्ज कराया था। परिजनों की मानें तो मोनू विगत 10 मई से घर से लापता था। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो मोनू के पिता डब्ल्यू मिश्रा ने थाना में चार युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सभी युवक विश्रमपुर थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं। परिजनो का आरोप है कि पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई ही नहीं की। अगर कार्रवाई की गई होती तो मोनू को बचाया जा सकता था।



मृतक मोनू की फाइल फोटो।



जंगल में कंकाल की सूचना पाकर पहुंची पुलिस और ग्रामीण।

### ग्रामीणों की सूचना पर परिजनों ने ढूंढा शव

महुआखाला-पचघारा के जंगल में नरकंकाल देखए जाने की चर्चा स्थानीय लोग दबी जुबान से रविवार को ही कर रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही सोमवार को परिजन ग्रामीणों के साथ उक्त जंगल में शव की तलाश में पहुंच गई। जंगल में काफी अंदर जाने के बाद एक स्थान पर झाड़ियों के बीच दुर्घंध आने पर ग्रामीण नजदीक गये। वहीं, एक नरकंकाल दिखाा। पास में ही पड़े कपड़े, हाथ में बंधा धागा और घटनास्थल से कुछ दूर पर मिले चप्पल से परिजनो ने कंकाल की पहचान मोनू मिश्रा के रूप में की। जिसकी सूचना विश्रामपुर पुलिस को दी गई। खबर पाते ही विश्रामपुर एसडीपीओ राकेश कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, थाना प्रभारी सौरभ चौबे, नवाडीह ओपी प्रभारी राजबर्धन पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। इसके बाद डॉग स्क्वायड बुलवाया गया। लेकिन कुछ सफलता नहीं मिली। उसके बाद कंकाल को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएचसीएच भेज दिया। पुलिस ने दावा किया कि जल्द ही मामले का उद्भेदन कर सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

# प्रशासनिक लापरवाही के चलते हुई मिथिलेश तिवारी की मौत : अरुणा

**कहा - नो एंट्री के बाद ट्रैफिक व्यवस्था करें प्रशासन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रविवार को कचहरी चौक पर हुए सड़क दुर्घटना में व्यवसाई मिथिलेश तिवारी के निधन पर सोमवार को गहरा दुख प्रकट किया है। लगे हाथ प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान खड़ा कर दिया। कहा कि मिथिलेश तिवारी का हाईवा से कुचल कर मौत होना एक बार फिर प्रशासनिक ट्रैफिक व्यवस्था की पोल खोल रहा है। अरुणा शंकर ने कहा कि इसके पहले भी वैभव सिंघानिया की दर्दनाक मौत अग्निशामक गाड़ी से कुचलने के कारण उसी चौक पर हुई थी। कई सारी घटनाएं उस चौक पर या डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक पर हो चुकी है, लेकिन प्रशासन उन दोनों खूनी चौक पर हो रहे लगातार घटनाओं की समीक्षा नहीं कर रहा है, जबकि सड़क सुरक्षा की प्रशासनिक बैठक हर महीने होती है। प्रथम महापौर ने इसके लिए सीधा ट्रैफिक व्यवस्था को जिम्मेवार बताया है। प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने कई बार प्रशासन को कहा है कि यह सारी घटना जब भी हो रही है नो एंट्री समाप्त होने के बाद होती है। जब बड़ी गाड़ियां शहर में प्रवेश करते हैं।



इसका एकमात्र कारण है नो एंट्री समाप्त होने के बाद ट्रैफिक पुलिस हटा दिया जाना। कोई ट्रैफिक व्यवस्था देखने वाला नहीं होता है, जबकि उस वक्त ट्रैफिक व्यवस्था देखना और भी आवश्यक होता है। प्रथम महापौर ने कहा कि प्रशासन अगर अब भी नो एंट्री समाप्त होने के बाद संध्या 7 से सुबह सात बजे तक बड़ी गाड़ियों के एंट्री के समय मुख्य चौक चौराहे खासकर शहीद चौक (कचहरी चौक), डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक एवं रेडमा चौक पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था नहीं करेगी तो ऐसी दर्दनाक घटनाओं के लिए तैयार रहे। अरुणा शंकर ने पुलिस प्रशासन को एक बार फिर ध्यान आकृष्ट कराया है कि शहर में सारे ट्रैफिक लाइट खराब है। कहीं लाल जलता रहता है तो कहीं हार जलता रहता है। जो शहर में बाहर से आने वाले लोगों की नजर में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को हास्यास्पद भी बन रहा है और दिन में ट्रैफिक कंट्रोल के एक सुलभ साधन को ध्वस्त कर रहा है। इसे तत्काल पुलिस कप्तान को संज्ञान लेकर बनवाना चाहिए। जिससे कम मैनपावर पर ट्रैफिक कंट्रोल किया जा सकता है। प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में अपने बोर्ड से पारित कर विमेंस कॉलेज रोड में मिनी फ्लाईओवर बनाकर मुख्य फ्लाईओवर में जोड़ने का भी प्रस्ताव दिया था, जो बहुत कम बजट में हो जाएगा लेकिन पास होने के बाद भी आज तक लंबित है। निगम प्रशासन उस पर भी पहल करें, क्योंकि छत्तीसगढ़, गढ़वा जाने वाली छोटी बड़ी गाड़ियां ऊपर ओवरब्रिज से ही विमेंस कॉलेज रोड होते हुए उतर जाएगी उसे शहीद चौक (कचहरी चौक) नहीं आना पड़ेगा जिससे ट्रैफिक का दबाव उस चौक पर कम पड़ेगा। प्रथम महापौर ने प्रशासन से मांग किया कि तत्काल शहर के तीनों प्रमुख चौक डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक, शहीद चौक (कचहरी चौक) एवं रेडमा चौक पर नो एंट्री समाप्त होने के बाद ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था करें एवं शहर में लगे सभी ट्रैफिक सिगनलों को चालू करवाई जाए। साथी ही मिनी फ्लाईओवर का प्रस्ताव नगर विकास को भेजी जाए अन्यथा ऐसी दर्दनाक घटनाएं होती रहेगी।

# त्रासदी से बचने के लिए जल संचयन व सदुपयोग बेहद जरूरी : सूर्यमणि सिंह

**एके सिंह कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में संगोष्ठी का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला स्थित एके सिंह कॉलेज में आइक्यूएसी के तहत अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में सोमवार को एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। सेमिनार का विषय 'कृषि विकास में जल संकट का दुष्प्रभाव' था। जिसका उद्घाटन प्राचार्य सह आईक्यूएसी अध्यक्ष प्रो सूर्यमणि सिंह, भवनाथपुर बीएसएम कॉलेज के प्राणी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो अरविंद प्रताप सिंह सेंगर, गढ़वा एसपीडी कॉलेज के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो विरेंद्र पाण्डेय, शिक्षक प्रतिनिधि प्रो डॉ आनंद कुमार, एसीएस प्रो डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, आईक्यूएसी समन्वयक प्रो अरुण कुमार सिंह, आयोजन सचिव प्रो डॉ. उपेंद्र कुमार सिंह, संगोष्ठी संचालक प्रो डॉ आलोक रंजन कुमार, प्रो डॉ अजय कुमार सिंह, प्रो हरेंद्र नारायण सिंह, प्रो डॉ रवि रंजन कुमार मिश्रा, प्रो रेखा कुमारी सिंह, प्रो अभिषेक कुमार, प्रो सुनील कुमार सिंह, प्रो डॉ चंदन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में संपूर्ण विश्व जल संकट की त्रासदी से जूझ रहा है। हमारा कर्तव्य है कि हम सभी मिलकर जल संचयन करें और जल का सदुपयोग करें। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो अरविंद प्रताप सिंह सेंगर ने कहा कि कृषि की सिंचाई समय पर आवश्यक है। इसलिए नदियों की सुरक्षा और उससे नहर की निकासी कर जल को आवश्यकतानुसार उपयोग किया जाय तो कृषि विकास में जल संकट की स्थिति से बचा जा सकता है। इस दौरान 25 छात्रों और छह प्राध्यापकों ने भी अपने-अपने विचार रखे। वहीं, कार्यक्रम में आलेख अथवा वक्ता के रूप में अपनी प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया गया।



# सटीक, निष्पक्ष व पारदर्शी मतगणना के लिए मतगणकों को दिया जायेगा प्रशिक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशिरंजन के आर्देश पर सटीक, नियमित, निष्पक्ष व पारदर्शी मतगणना के लिए प्रशिक्षकों की तैयार टीम मंगलवार को मेदिनीनगर स्थित गिरिवर प्लस 2 उच्च विद्यालय में मतगणकों को प्रशिक्षण देगी। इसके लिए सोमवार को समाहरणालय के ब्लॉक-ए के सभागार में मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर उपस्थित सदर एलआरडीसी प्यारेलाल व छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने पोस्टल बैलेट की गणना की बारीकियों व मतगणना संबंधी अनेक सावधानियों के बारे में बताया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने मतगणना सहायक, मतगणना पर्यवेक्षक व सूक्ष्म प्रेक्षकों के कार्यों एवं सीयू से मतों की गणना करते हुए 17 सी के भाग-2 में उम्मीदवारों के प्राप्त मतों को दर्ज करने, मतगणना एजेंट से हस्ताक्षर कराने तथा उन्हें भी एक प्रति देने संबंधी नियमों की क्रमानुसार जानकारी दी। जिला प्रशिक्षक रामानुज प्रसाद ने वीवीपैट के पर्चियों की गणना प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। वहीं अमरेंद्र पाठक व अशोक सिंह ने कंट्रोल यूनिट के रिजल्ट सेक्शन से एड्रेस टैग एवं ग्रीन पेपर सील हटाने की विधि एवं मतों के प्रदर्शन तथा इसके दुहराव की जानकारी दी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर रामप्रवेश शर्मा, क्यूम अंसारी, श्यामलाल उरांव, चन्द्रशेखर शुक्ला सहित अन्य लोगों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

# एसपी के हस्तक्षेप से मिला मृत पुलिस कर्मी का शव, पैसे के अभाव में अस्पताल प्रबंधन ने शव देने से किया था इनकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में प्रतिनियुक्त गढ़वा जिले के रहने वाले पुलिस के जवान प्रदीप पासवान का लीवर एवं किडनी का इलाज चल रहा था। कुछ दिनों से गढ़वा में भर्ती थे। पर स्थिति में सुधार ना होने के कारण एआइजी अस्पताल हैदराबाद में भर्ती कराया गया था। पर वहां भी उन्हें बचाया नहीं जा सका और इलाज में काफी खर्च हो जाने के कारण प्रदीप पासवान के परिजनों की हालत बहुत खराब हो गई। पैसे के अभाव में हैदराबाद से उक्त जवान का शव देने से अस्पताल प्रबंधक ने मना कर दिया था। ऐसी स्थिति में पुलिस जवान प्रदीप पासवान के परिवार वाले काफी घबरा गए और पलामू के पुलिस मेंस के सदस्यों से बात की। पुलिस मेंस एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा तत्काल पलामू की पुलिस अधीक्षक को सूचना दी गयी। जिसके उपरांत बिना विलंब किए अस्पताल में जमा करने वाली राशि एक लाख बीस हजार रुपये तत्काल उपलब्ध कराया गया। इस महान कार्य के लिए पूरे पलामू पुलिस एवं पुलिस जवान प्रदीप पासवान के पूरा परिवार, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन की प्रशंसा कर रहे हैं। कहा कि जब कभी पुलिस जवान पर संकट आता है, तो पलामू पुलिस अधीक्षक खुद खड़ी होकर जवानों का मदद करती है। सीधे तौर पर कहा जा सकता है जिसका कोई नहीं। उसकी मदद भगवान के रूप में पुलिस अधीक्षक करती हैं। पुलिस जवान का पार्थिव शरीर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं पुलिस मेंस एसोसिएशन पलामू के सहयोग एवं पहल से सोमवार की सुबह उनके गांव कलशबारिया आ गया एवं उनके गांव में ही गढ़वा पुलिस एवं पलामू पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा पुलिस जवान के गांव गढ़वा जिला के कलश बारिया में सलामी दी गई। जिसमें मुख्य रूप से पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त सहायक मंत्री लालेश्वर राम, पलामू जिला के मेंस एसोसिएशन के सचिव लालू उरांव, कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, संयुक्त मंत्री कृष्ण कुमार एवं अंकेक्षक सुनील राम शामिल हुए। वहीं, माझियाव थाना प्रभारी एवं गढ़वा, पलामू जिला के कई पुलिसकर्मी कार्यक्रम में शामिल हुए। सलामी कार्यक्रम के बाद पुलिस मेंस एसोसिएशन पलामू के द्वारा तत्काल दाह संस्कार के लिए 25 हजार रुपए का सहयोग राशि भी उपलब्ध कराया गया।




पलामू पुलिस एसपी रिष्मा रमेशन।

# हुसैनाबाद में पागल कुते ने आधा दर्जन लोगों को काटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के कई कस्बो में पागल कुत्ते के आतंक से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। पागल कुत्ते ने एक ही दिन में आधा दर्जन से अधिक लोगों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। ग्रामीणों की मानें तो काले रंग का कुत्ता लोगों को देखते ही तेजी से झपटकर काट लेता है और भाग जाता है। उसने बचिया देवी, दुर्गा कुमारी, हरिनारायण चौधरी, दिनेश कुमार, उत्तम देवी, रवि कुमार और एमडी शब्बीर आलम समेत कई अन्य लोगों को काटकर घायल कर दिया है। सभी का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। वहीं, आम लोग खुद से ही कुत्ते को पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। लोगों ने सभी को काले रंग के कुते से सतर्क रहने की अपील की है। साथ ही नगर पंचायत प्रशासन से आवारा कुते से निजात दिलाने की मांग की है।



# कायाकल्प नशा विमुक्ति ने बीसीसीएल कॉलोनी में चलाया जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

